सभी देशवासियों को हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

www.currentcrime.com




# दैनिक करंट क्राइम

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली ।। सोमवार 15 अप्रैल -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 185 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : 3















## भारतीय जनता पार्टी का घोषणा पत्र जारी



# मोदी की गारंटी 24 कैरेट सोने जितनी खरी : राजनाथ

**राजनाथ सिंह ने कहा, नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमने देशवासियों से किया गया हर वादा पूरा किया है। चाहे 2014 का संकल्प पत्र हो या फिर 2019 का घोषणा पत्र हो, मोदी जी के नेतृत्व में हमने अपने सारे संकल्प को पूरा किया।**




**नई दिल्ली।** बीजेपी ने रविवार को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। इस मौके पर राजनाथ सिंह ने कहा, मोदी जी के नेतृत्व में हमने देशवासियों से किया गया हर वादा पूरा किया है। चाहे 2014 का संकल्प पत्र हो या फिर 2019 का घोषणा पत्र हो, मोदी जी के नेतृत्व में हमने अपने सारे संकल्प को पूरा किया।

उन्होंने कहा, जब मोदी जी के नेतृत्व में हम 2014 के लोकसभा चुनाव लड़ने जा रहे थे, तब मैं पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष था। डॉ। मुर्लीमनोहर जोशी, मेनिफेस्टो कमेटी के चेयरमेन थे। मोदी जी के आग्रह को ध्यान में रखते हुए पार्टी का जो संकल्प पत्र तैयार किया गया था, उसमें इस बात का ध्यान रखा गया था कि जो भी संकल्प हम देश के सामने रखें, उसे निश्चित रूप से पूरा करें।

राजनाथ सिंह ने कहा, बीजेपी अपने संकल्प पत्रों के माध्यम से स्वाभिमानी है और सशक्त भारत के निर्माण का रोडमैप प्रस्तुत करती है। साथ ही समाज के हर वर्ग के विकास और कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबंधिता को भी देश के सामने रखती है। 5 साल पहले 2019 में संकल्पित भारत, सशक्त भारत के उद्घोष के साथ, जो घोषणा पत्र हम लाए थे, उसमें हमने आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर भारत की एक संकल्पना रखने के साथ 2047 के भारत की रूप रेखा भी देश के सामने रखी थी।

उन्होंने आगे कहा, उसी भावना के अनुरूप हमने 5 साल के संकल्प लिए थे और मुझे यह कहते हुए खुशी है कि 2019 में भारत के विकास और जनकल्याण के लिए हमने जो भी संकल्प हमने लिए, 2024 तक उन सबको पूरा करने में हमने कामयाबी हासिल की। हमें इसका गौरव है कि बीजेपी अपने संकल्पों को पूरा करती है, जो हम कहते हैं वो हम करते हैं।

राजनाथ सिंह ने कहा, ...4 लाख सुझाव ठअटड ऐप के माध्यम से भी आए और करीब 10 लाख सुझाव वीडियो के माध्यम से आए... सभी बातों पर बहुत ही गंभीरतापूर्वक विचार हुआ है। हर विषय का 360 डिग्री विश्लेषण करने के बाद हमने विषयों को 24 समूह में बांटा है... मुझे पूरा विश्वास है कि जिन संकल्पों को हम यहां रख रहे हैं वो 2047 के विकसित भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को विस्तृत भी करेंगे, आकार भी देंगे और इसे साकार करने में भी ये मददगार साबित होंगे।

## 85 प्लस वाले कलेक्ट्रेट के पोस्ट वोटिंग सेंटर पर 16 से 21 अप्रैल तक कर सकते हैं मतदान




### मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग का है यह विशेष अभियान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोकसभा चुनाव सामान्य निर्वाचन-2024 में इस बार 85 प्लस की उम्र वाले मतदाताओं को मताधिकार में कोई परेशानी ना हो, इस बार इसलिए उनको पोस्ट वोटिंग सेंटर की सुविधा प्रदान की गई है।

ऐसे लोग जिनकी आयु 85 वर्ष से अधिक है या उनमें दिव्यांगता बहुत अधिक है, तो वह कलेक्ट्रेट परिसर गाजियाबाद स्थित रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय पर डाक मतपत्र के माध्यम से अपना वोट पहुंचा सकते हैं। रिटर्निंग ऑफिसर इन्द्र विक्रम सिंह ने जानकारी दी है कि 85 प्लस और दिव्यांगता वाले मतदाता यहां 16 अप्रैल से लेकर 21 अप्रैल तक मतदान कर सकते हैं। मतदान रोजाना सुबह 9 से शाम 5 बजे तक किया जा सकता है।

### वोटर का प्रतिनिधि भी पहुंचा सकता है डाक मतपत्र

**करंट क्राइम :** जानकारी यह है कि इस पूरी मतदान प्रक्रिया में यदि वाटर चाहे तो वह अपना प्रतिनिधि नामित करते हुए मतदान स्थल पर तैनात करने का काम भी कर सकता है। नामित प्रतिनिधि अपना अथॉरिटी लैटर व पहचान पत्र की छाया प्रति वह एक फोटो सहित मतदान स्थल पर निर्धारित प्रारूप 10 पर संबंधित एआरओ को उपलब्ध कराएंगे। यहां एआरओ सभी जांच करने के बाद मतपत्र के रूप में ले लिया जाएगा।



### पोस्टल बैलट के लिए दिया जा रहा है प्रशिक्षण

**करंट क्राइम :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत चुनाव ड्यूटी में तैनात मतदानकर्मियों एवं चुनाव ड्यूटी के लिए अधिग्रहित वाहनों पर तैनात कर्मियों द्वारा पोस्ट वैलट के माध्यम से द्वितीय प्रशिक्षण 16 से 21 अप्रैल तक दो पारियों में चलेगा। सुबह 10 से एक और शाम को 3 :30 से 5 :30 तक यह प्रशिक्षण स्थल आईटीएस मोहन नगर कॉलेज गाजियाबाद को बनाया गया है। अधिकारियों ने जानकारी दी है कि गाजियाबाद पर बनाए गए फैसिलिटेशन सेंटर पर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया जाएगा।

# बसपा सुप्रीमो मायावती 21 अप्रैल को कविनगर से करेंगी चुनावी ऐलान



## रामलीला मैदान से करेंगी बसपा प्रत्याशी नंदकिशोर के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा चुनाव में जब सपा और कांग्रेस हाथ मिलाकर चल रहे हैं। लोकसभा चुनाव में जब 400 पार का दावा करने वाली भाजपा ने भी राष्ट्रीय लोकदल को अपना चुनावी सहयोगी बनाया है। तब ऐसे में बसपा का हाथी चुनावी मैदान में अकेले आया है। बसपा ने अपने उम्मीदवार उतारे हैं और वो इस चुनावी रण में अकेले ही आ रही है। गाजियाबाद लोकसभा सीट पर उसने नन्द किशोर पुण्डीर को चुनावी मैदान में उतारा है। अब अपने उम्मीदवार के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित करने जब बसपा सुप्रीमों मायावती आ रहीं हैं। इससे पहले बसपा के राष्ट्रीय कोर्डिनेटर आकाश




आनंद गाजियाबाद आ चुके हैं और कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित कर चुके हैं। 21 अप्रैल को बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती गाजियाबाद आ रहीं है। उनकी जनसभा कविनगर रामलीला



मैदान में होगी। बताया जाता है कि इस जनसभा के लिए परमीशन भी मिल गई है और 21 अप्रैल को मायावती की जनसभा कविनगर के रामलीला मैदान में 12 बजे होगी।

मायावती की जनसभा को लेकर बसपा कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है और बसपा संगठन ने 21 अप्रैल वाली जनसभा को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। यहां पर ये भी माना जा रहा है कि जब पार्टी सुप्रीमो जनसभा को सम्बोधित करने आयेंगी तब इस मंच पर गाजियाबाद लोकसभा उम्मीदवार के अलावा बागपत, नोएडा के उम्मीदवार भी मंच पर रहेंगे। यहीं से बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष इनके लिए अपील करेंगी। 21 अप्रैल को होने वाली जनसभा को लेकर तैयारियां शुरू हो गईं हैं।

# 17 अप्रैल को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आ सकते हैं गाजियाबाद

## जनसभा या रोड शो को लेकर सपा संगठन में चल रही है बात

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इस बार लोकसभा चुनाव में सपा और कांग्रेस दोनों चुनावी गठबंधन में हैं। सपा ने कांग्रेस को 17 सीटें चुनाव लड़ने के लिए दी है। इन सीट में गाजियाबाद सीट भी शामिल हैं। यहां पर कांग्रेस और सपा के नेता दोनों ही मिलकर गठबंधन के उम्मीदवार डॉली शर्मा को चुनाव लड़ा रहे हैं। चुनाव प्रचार जैसे जैसे आगे बढ़ रहा है वैसे वैसे बड़े नेताओं का हैलीकाप्टर गाजियाबाद की तरफ रूख कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां रोड शो कर चुके हैं और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उड़नखटोला भी पुलिस लाईन में उतर चुका है। बसपा की सुप्रीमो मायावती भी गाजियाबाद आ रहीं है और इन सबके बीच खबर ये है कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव गाजियाबाद में चुनाव प्रचार के लिए आयेंगे। ये बताया जाता है कि अखिलेश यादव 17 अप्रैल को



**सपा ने कांग्रेस को 17 सीटें चुनाव लड़ने के लिए दी है। इन सीट में गाजियाबाद सीट भी शामिल हैं। यहां पर कांग्रेस और सपा के नेता दोनों ही मिलकर गठबंधन के उम्मीदवार डॉली शर्मा को चुनाव लड़ा रहे हैं।**

गाजियाबाद आ सकते हैं। वह गाजियाबाद में रोड शो करेंगे या जनसभा को सम्बोधित करेंगे इसे लेकर सपा में बात चल रही है। कांग्रेस और सपा की चुनाव लड़ाने वाली टीम के बीच मंथन चल रहा है। दैनिक करंट क्राइम ने जब सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के गाजियाबाद आगमन को लेकर सपा के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन से बात की तो उन्होंने इस बात की पुष्टि की लेकिन तारीख को लेकर उन्होंने कहा कि अभी यह कन्फर्म है लेकिन हमारी चर्चा पार्टी आलाकमान से हुई है। तारीख और समय को लेकर बात चल रही है और जो भी तय होगा वह बता दिया जायेगा। बहरहाल ये माना जा रहा है कि अखिलेश यादव गाजियाबाद में कांग्रेस सपा गठबंधन उम्मीदवार डॉली शर्मा के पक्ष में चुनाव प्रचार करने के लिए आ सकते हैं।

# मतदाता मोदी-योगी के सुशासन, सुरक्षा और विकास के साथ : भूपेन्द्र चौधरी

## 'प्रदेश में 80 सीट और देश में 400 पार का लक्ष्य पूरा करना ही हमारा ध्येय'

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने नवयुग मार्केट स्थित चुनाव कार्यालय पर पहुंचकर चुनाव में लगे कार्यकर्ताओं से अनौपचारिक बातचीत की। उन्होंने कहा, देश और प्रदेश में मोदी और योगी के सुशासन, सुरक्षा, सबका साथ सबका विश्वास की छाप लोगों के दिलों पर स्पष्ट है और उसी के आधार पर प्रदेश में 80 सीट और देश में 400 पार के लक्ष्य को पूरा करना है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी मेरठ रोड स्थित आरकेजीआईटी कॉलेज के सभागार में आयोजित लोकसभा चुनाव संचालन समिति एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे। बैठक का शुभारम्भ प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।





लोकसभा संयोजक अजय शर्मा ने चुनाव संचालन समिति से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं का परिचय कराया। अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने सभी को चुनाव में जुट जाने के लिए कहा। उन्होंने बताया, पूरा देश मोदी के विकास की गारंटी पर आज भाजपा के साथ खड़ा है। हमें उनके विश्वास को बरकरार रखने के लिए स्वयं की गारंटी के साथ उनके घर उनके परिवार के साथ जुड़े रहना है। हमें लाभार्थी और हर मतदाता से संपर्क कर पहले मतदान फिर जलपान का आग्रह करना है।





लोकसभा चुनाव संचालन समिति एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, राज्य सभा सांसद अनिल अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, लोकसभा संयोजक अजय शर्मा, महापौर सुनीता दयाल, पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व महापौर आशा शर्मा, बलदेव राज शर्मा, एमएलसी दिनेश गोयल, पूर्व विधायक कृष्ण वीर सिरोही, विधायक अजीत पाल त्यागी, नंद किशोर गुर्जर, पूर्व विधायक रूप चौधरी, पूर्व विधायक प्रशान्त चौधरी, क्षेत्रीय मंत्री मयंक गोयल, लोकसभा सह संयोजक सतेन्द्र चौधरी आदि मंचासीन रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मनाई गई बाबा साहेब की 133वीं जयंती

## शिक्षित होने के साथ-साथ जागरूक होना बेहत जरूरी: इन्द्र विक्रम सिंह











**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बाबा साहेब डॉ.भीमराम अम्बेडकर की 133वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य को सम्बोधित करते हुए बाबा साहेब के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा समाज व देशहित में किए कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और जागरूकता होने से कोई भी कार्य कठिन नहीं होता, इसलिए सभी लोगों को शिक्षित होने के साथ-साथ जागरूक भी होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान एडीएम ई रणविजय सिंह, एडीएम सिटी गम्भीर सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट अजय अम्बेष्ठ सहित अन्य अधिकारियों ने अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद कुमार नाजिर सदर द्वारा किया गया। इस मौके पर एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, सिटी मजिस्ट्रेट अजय कुमार अम्बेष्ठ, सीटीओ पुष्पांजलि, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के पश्चात जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया तदुपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी ने एमसीएमसी कमेटी, जिला सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग का निरीक्षण करते हुए कार्यरत कर्मियों से सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया, टीवी पर चल रहे पार्टियों के प्रत्याशियों के भाषण, विज्ञापन, पेड न्यूज सहित अन्य की जानकारी लेते हुए नोटिस देने आदि की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जाना और कहा कि आप लोगों का कार्य बहुत की जिम्मेदारी का है इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए, हर एक चीज पर आपकी नजर होनी चाहिए।

# यशोदा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, कौशांबी में महत्वपूर्ण चिकित्सक बैठक का हुआ आयोजन





**करंट क्राइम (करंट क्राइम)।** यशोदा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, कौशांबी में आज एक महत्वपूर्ण चिकित्सक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें माननीय सांसद एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. हर्षवर्धन जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। डॉ. हर्षवर्धन जी ने मोदी सरकार के नेतृत्व में स्वास्थ्य, विज्ञान और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालयों में मंत्री के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं और विश्व स्वास्थ्य संगठन के कार्यकारी बोर्ड के अध्यक्ष भी रहे हैं।

उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान अग्रणी भूमिका निभाई थी। बैठक में डॉ. सरोजनी अग्रवाल- एम.एल.सी, उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री-माननीय सुनील शर्मा जी, गाजियाबाद लोकसभा सीट के प्रत्याशी और पूर्व में उत्तर प्रदेश सरकार में हेल्थ मिनिस्टर रहे श्री अतुल गर्ग जी, भाजपा जिला महानगरअध्यक्ष संजीव शर्मा, गाजियाबाद लोकसभा प्रभारी अजय शर्मा, आईएमए उत्तर प्रदेश से डॉ. विबी जिंदल और आईएमए वेस्ट गाजियाबाद के विपुल त्यागी जी भी उपस्थित थे। यशोदा-कौशांबी के सीएमडी डॉ. पीएन अरोड़ा जी वर्चुअली जुड़कर मेरा वोट देश के विकास के लिए का संदेश दिया।

यशोदा अस्पताल की ओर से डॉ. आरके मनी, डॉ. सुनील डागर, डॉ. अनुज अग्रवाल, डॉ. चंदन एवं 250 से अधिक डॉक्टर्स व हेल्थ कर्मचारियों ने जुड़कर देशहित में अपना वोट देने का प्रण लिया। डॉ. हर्षवर्धन जी ने मोदी सरकार द्वारा देश में किए गए विकास कार्यों का विस्तृत वर्णन प्रदान किया और विभिन्न योजनाओं और भविष्य में क्रियान्वित होने वाली परियोजनाओं की जानकारी साझा की। चिकित्सक समुदाय ने विशेष रूप से मोदी सरकार द्वारा देश के विकास में किए गए प्रयासों की सराहना की और 'अब की बार चार सौ पार' के चुनावी नारे के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया।

## न्यूज डायरी

### केशव का कांग्रेस पर हमला: 'इस बीमारी से मुक्ति पा लीजिए, 10 साल जो देखा वह ट्रेलर, असली तस्वीर चार जून के बाद'



**महराजगंज।** 10 साल जो देखा है, वह अभी ट्रेलर है। असली तस्वीर चार जून के बाद दिखेगी। एक परिवार से राष्ट्र की राजनीति नहीं होती है। वक्त आ गया है, अब सपा बसपा से मुक्ति पा लीजिए। अब कांग्रेस रुपी बीमारी से मुक्ति पा लीजिए। पहले मतदान की शपथ लेकर जाएं, मतदान के बाद ही जलपान करिएगा। 500 साल के बाद रामलला का मंदिर बना कर दिया है। पीएम की सीट के बाद सबसे ज्यादा मत से महाराजगंज की सीट आनी चाहिए। विरोधियों के पास भी संकल्प लेकर जाएं और पूछे की मोदी को पीएम बनने से रोक सकते हैं क्या? ये बातें उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहीं।

**'100 में से 75 प्रतिशत वोट हमारा'**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रविवार को भारतीय जनता पार्टी के सोशल मीडिया वालंटियर्स को शहर के एक निजी होटल में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विरोधी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश का चुनाव है। एक चाय बेचने वाले को देश चलाने के लिए जनता ने दिया है। 100 में से 75 प्रतिशत वोट हमारा है और बंटवारा मत में भी आधा हमारा है। एक जून को महराजगंज में रिकार्ड 11 लाख मतों से जिताना है।

**'जो देश का पैसा लूटते हैं, उन्हें भेजा जेल'**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री जेल में हैं, लेकिन इस्तीफा नहीं दे रहे हैं। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री जेल में हैं। जो देश का पैसा लूटते हैं, उनको जेल भेज दिया गया। 52 करोड़ से अधिक जनधन के खाते खोल कर सीधा लाभार्थियों के खाते में पैसा भेजा है, विरोधी इसी से तिलमिला गए हैं। 34 लाख करोड़ रुपया लाभार्थियों के खाते में गया है। उन्होंने कहा कि मैं तो कांग्रेस को कहता हूं की भ्रष्टाचार की अम्मा हैं। ईडी के छापे लुटेरों के घर पड़ना चाहिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र पर सारे विरोधियां टूट पड़ेंगे। सोशल मीडिया एक प्लेटफार्म है। जिसमें विरोधी भी आकर घुस जाते हैं, सचेत रहने की जरूरत है। चुनाव के बाद देश 100 साल आगे जाएगा।

**'405 फिर एक बार प्रचंड बहुमत की मोदी सरकार'**

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 4 जून 405 फिर एक बार प्रचंड बहुमत की मोदी सरकार। आपने पिछली बार 2014 में भी जिताया। 2019 में भी दिखाया, लेकिन 2024 में बड़ी विजय दिलानी है। सब लोग तैयार रहें। इस समय सपा, बसपा, कांग्रेस का कोई नाम लेना नहीं चाहता है। कांग्रेस मुक्त तो भारत देश हो रहा है। यहां तो एक्सीडेंट से खाता खुल गया था, उत्तर प्रदेश में दो विधायक बन गए, लेकिन आप सबके सामने खुला मैदान है।

### ब्रजेश पाठक बोले- सड़ी हुई मिठाई दूसरे डिब्बे में पैक होने जैसा है इंडी गठबंधन



**हरदोई।** हरदोई लोकसभा क्षेत्र के सोशल मीडिया वॉलंटियर्स सम्मेलन में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इंडी गठबंधन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक तरफ मोदी और भाजपा है तो दूसरी तरफ वाले सड़ी हुई मिठाई दूसरे डिब्बे में पैक करके लाए हैं। पहले यूपीए वन, यूपीए टू और अब इंडी गठबंधन। यह बवाली लोग हैं और भ्रष्टाचार में गले तक डूबे हैं। यह लोग भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए एकजुट हुए हैं। शहर के नारायण धाम में आयोजित सम्मेलन में डिप्टी सीएम ने पूरा भाषण हरदोइया भाषा में दिया। कहा कि शौचालय बनवाकर मोदी ने महिलाओं को इज्जत से जीने का हक दिया है। आयुष्मान भारत योजना, जनधन योजना, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर नल योजना का जिक्र भी उन्होंने अपने बचपन के उदाहरणों के साथ किया। रविवार को ही घोषित भाजपा के संकल्प पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि आवासीय योजनाओं और आयुष्मान भारत योजना का दायरा बढ़ाया जाएगा। सूबे की कानून व्यवस्था पर उन्होंने कहा कि अब जनता नहीं गुंडे डरते हैं। गुंडों की तो अब लप्प लप्प होती है। गले में तख्ती लटकाकर गुंडे खुद थाने पहुंचते हैं कि हम सब्जी बेच लेंगे पर अपराध नहीं करेंगे।

वहीं, विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि सब सड़कें लपलपऊंआ हो गई हैं। सम्मेलन को भाजपा के प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी, जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, पूर्व जिलाध्यक्ष राम बहादुर सिंह और राजीव रंजन मिश्र, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने भी संबोधित किया।

संचालन जिला महामंत्री ओम वर्मा और जिला उपाध्यक्ष प्रीतेश दीक्षित ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान सोशल मीडिया सेल के क्षेत्रीय संयोजक आयुष वाजपेयी, जिला संयोजक प्रद्युमन आनंद मिश्रा, आईटी सेल के जिला संयोजक सौरभ सिंह गौर, भाजपा के जिला महामंत्री अनुराग मिश्रा और सतेंद्र राजपूत भी मंच पर मौजूद रहे।

**जय प्रकाश के लिए बोले... सीधो साधो आदमी हई**

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि हियन के लोग भाग्यशाली हईं। जय प्रकाश जईसो सांसद मिलो। सीधो साधो आदमी हई। मरकहिया गाय नाई हई। कोई केरे खुड़पेच नाई कत्ति। अबकी जीत केरो रिकॉर्ड बनवाइ देऊ। इनके संग हम फ्री हईं, जईसे नुमाइश खतम होन बेरा एक चीज संग एक फ्री मिल्ति। उंघे मिश्रिख घांई देखि लियऊ। छोटो भाई हूनऊ लड़ि रहो। उनका इशारा भाजपा प्रत्याशी अशोक रावत की तरफ था।

**आंबेडकर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, रैली में हुए शामिल**

डिप्टी सीएम का हेलीकॉप्टर पुलिस लाइन के हेलीपैड पर उतरा। यहां से वह कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हुए, तो डाक बंगले के सामने पार्क में आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद कार्यक्रम स्थल पर जाते समय रास्ते में आंबेडकर जयंती पर निकल रही रैली में भी कुछ देर शामिल हुए। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष उमेश अग्रवाल भी मौजूद रहे।

### दोनों ही जगह प्रत्याशी तय

# रायबरेली-अमेठी में गांधी परिवार को कोई रियायत नहीं देगी बसपा



**सुल्तानपुर।** देश की बहुचर्चित रायबरेली और अमेठी सीट पर यदि गांधी परिवार के सदस्य राहुल गांधी या प्रियंका गांधी चुनाव लड़ते हैं तो भी बसपा उनके साथ कोई रियायत नहीं करेगी। बसपा वहां से मजबूत और जिताऊ प्रत्याशी मैदान में उतारेगी। रविवार को सुल्तानपुर आए बसपा के मुख्य सेक्टर प्रभारी पूर्व सांसद घनश्याम खरवार ने यह जानकारी देते हुए कहा कि दोनों सीटों पर प्रत्याशी तय हो गए हैं, जिनका जल्द ही ऐलान हो जाएगा। रायबरेली में कांग्रेस अध्यक्ष रहीं सोनिया गांधी इस बार चुनाव मैदान में नहीं उतर रही हैं। ऐसे में यहां से कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के चुनाव मैदान में उतरने की चर्चाएं हैं। वहीं, अमेठी सीट पर इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस ने अभी किसी नाम का ऐलान नहीं किया है किंतु कांग्रेस नेता दावा करते हैं कि यहां पर राहुल गांधी ही चुनाव लड़ेंगे। इसके साथ ही यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि अभी तक दोनों सीटों पर प्रत्याशी न घोषित करने वाली बसपा यहां गांधी परिवार को वॉकओवर दे सकती है किंतु बसपा में अयोध्या, देवीपाटन, आजमगढ़ और वाराणसी के मुख्य सेक्टर प्रभारी पूर्व सांसद घनश्याम चंद्र खरवार ऐसी किसी संभावना से इन्कार करते हैं। वे कहते हैं कि उन्होंने कांग्रेस और भाजपा दोनों की सरकारें देखी हैं। दोनों ने ही हमारे समाज को लूटा है। किसी ने गरीबों और किसानों के लिए काम नहीं किया है। एनडीए और इंडिया दोनों गठबंधन से बसपा की विचारधारा बिल्कुल अलग है। इसलिए पार्टी सभी 80 सीटों पर मजबूत प्रत्याशी तय कर चुकी है जिन्हें लड़ाया जा रहा है और बसपा भारी जीत हासिल करने जा रही है।

# अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस पर अग्नि शमन सेवा सप्ताह शुरू

## डीसीपी ट्रांस हिंडन और एफएसओ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की रैली





### आग की घटनाओं में कमी लाने के लिए फैलाई जाएगी जागरूकता



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह पर घटित भीषण अग्निकांड में 66 अग्निशमनकर्मियों ने प्राण गंवाए थे। उनको श्रद्धांजलि देने के लिए प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को प्रत्येक फायर स्टेशन में दो मिनट का मौन धारण कर शोक आयोजित किया जाता है। साथ ही इस दिन को अग्नि शमन सेवा स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है।

जिसके बाद इसी क्रम में 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह शुरू किया गया है। वैशाली फायर स्टेशन पर डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल और मुख्य अग्निशमन अधिकारी गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट राहुल पाल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। आग से बचाव और आग के लिए जागरुकता फैलाने वाली यह रैली मोहन नगर से शुरू होते हुए वसुंधरा ,इंदिरापुरम, इंडस्ट्रियल एरिया, शहर में राज नगर, एक्सटेंशन, कवि नगर, हापुड़ चुंगी, शालीमार गार्डन और राजेंद्र नगर साहिबाबाद क्षेत्र में भी पहुंची।

### स्कूल, कॉलेजों और बाजारों में चलाया जाएगा अभियान

**करंट क्राइम।** मुख्य अग्निशमन अधिकारी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद राहुल पाल ने बताया है की अग्निशमन विभाग गाजियाबाद द्वारा सप्ताहभर स्कूलों, कॉलेजों, सार्वजनिक स्थानों जैसे मॉल, मल्टीप्लेक्स, बहुमंजिला भवन, औद्योगिक प्रतिष्ठान में कार्यक्रम एवं जन जागरूकता अभियान चलाकर प्रचार- प्रसार करते हुए आमजन को आग से बचने के लिए जानकारी दीजाएगी। इस मौके पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल, गाजियाबाद सिटी कोतवाली के अग्निशमन अधिकारी शेषनाथ यादव, अधिकारी द्वितीय मूलचंद सिंह तोमर, गौरव कुमार और गगन कुमार उपस्थित रहे।

# भाजपा के मेनिफेस्टो पर कांग्रेस ने उठाए सवाल, बोले- मोदी की गारंटी मतलब झूठ की गारंटी



**भोपाल।** दिल्ली में रविवार को लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपना घोषणा पत्र जारी किया है। इसे मोदी की गारंटी नाम दिया गया है। भाजपा के मेनिफेस्टो जारी होने के बाद पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने पलटवार किया। उन्होंने सवाल उठाए हैं।

पटवारी ने कहा कि चाहे किसानों के ऋण माफी की बात हो। चाहे उनकी बीमा की सहायता राशि की बात हो। या उनके ऊपर ओला-पाला का प्रहार हो या गेहूं की खरीदी का धोखा हो, चाहे धान की खरीदी का धोखा हो। सबका एक अभियुक्त है भारतीय जनता पार्टी।

भोपाल के बोर्ड ऑफिस चौराहे पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने मीडिया से चर्चा में कहा- दुनिया में अगर सबसे ज्यादा महंगाई की मार कहीं है तो हमारे देश में है। रुपए के मुकाबले डॉलर का अवमूल्यन किया। ये मोदी जी का सबसे बड़ा अचीवमेंट है। नरेंद्र मोदी यह बताने में असमर्थ हैं कि दुनिया में सबसे बड़ा कर्जदार देश हमारा क्यों है? हमारे देश के लोकतांत्रिक मूल्यों और अधिकारों को दुनिया में क्रिटिसिज्म किया जा रहा है। इसके लिए दोषी कौन है? पटवारी ने कहा- भाजपा यह बताने में भी असमर्थ रही कि मोदी गारंटी की जब बात करते हैं तो वह जो बोलते हैं वह करते ही नहीं हैं। यह मोदी की गारंटी है। 3100 धान का समर्थन मूल्य देने का बोला था नहीं हुआ। 2700 का गेहूं बोला था नहीं हुआ। मोदी ने गारंटी दी थी की बहनों को 3000 रुपए प्रतिमाह देंगे, नहीं हुआ। किसानों की आय दोगुनी होगी, नहीं हुई। इस देश में मोदी ने जो बोला झूठ बोला मोदी की गारंटी झूठ की गारंटी। 84 फीसदी बच्चों को बनाया बेरोजगार

पटवारी ने कहा कि भाजपा जिनको राशन दे रही है। उन 80 करोड़ लोगों को गरीब बना दिया। 84 फीसदी बच्चों को बेरोजगार बना दिया जो आज घरों में नशा कर रहे हैं। इस देश में पाकिस्तान और बांग्लादेश से ज्यादा महंगाई कर दी। हमारे देश में डॉलर और रुपए का जो अवमूल्यन हुआ है। आज तक के इतिहास में सबसे ज्यादा है। देश में 10 फीसदी लोगों के पास 90 फीसदी संपत्ति पहुंच गई है। और 90 फीसदी लोगों के पास 10 फीसदी संपत्ति बची। मौलिक अधिकारों का हनन करने में देश नंबर वन हो गया। विश्व में इसका नाम घटा है।

### बाबू केदारनाथ का रिकॉर्ड अटूट

# दूसरी बार एक ही चेहरे को चुनने से कतराते हैं सुल्तानपुर के मतदाता



**सुल्तानपुर।** कांग्रेस से लेकर भाजपा तक के लिए प्रयोगशाला रही सुल्तानपुर संसदीय सीट के मतदाताओं का मिजाज अनूठा है। वे घरेलू प्रत्याशियों के मुकाबले बाहरियों को चुनने से गुरेज नहीं करते। यह बात तो जगजाहिर है, लेकिन एक ही चेहरे को दोबारा चुनने में भी ज्यादा रुचि नहीं दिखाते। संसदीय सीट पर हुए 20 चुनावों में अब तक उन्होंने दो बार ही सिटिंग सांसद को चुनने में रुचि दिखाई है। यही वजह है कि अब तक इस सीट पर लगातार सर्वाधिक समय सांसद रहने का रिकॉर्ड बाबू केदारनाथ सिंह के ही नाम है। इस सीट के मतदाताओं का मूड देखते हुए राष्ट्रीय दलों ने भी यहां खूब प्रयोग किए। कांग्रेस ने बाहरी प्रत्याशियों को उतारने की परंपरा शुरू की तो भाजपा आज तक उसका पालन कर रही है। यही नहीं, भाजपा और कांग्रेस लगातार अपने प्रत्याशी बदलते भी रहे हैं। कांग्रेस के बाबू केदारनाथ सिंह और भाजपा के डीबी राय को छोड़ दिया जाए तो जिसे भी किसी राजनीतिक दल ने दोबारा टिकट दिया उसे जनता ने नकार दिया। सबसे पहले यहां से निरंतर दो बार चुनाव जीतने का काम बाबू केदारनाथ सिंह ने ही शुरू किया। एक ही वर्ष में दो-दो उपचुनाव 1967 के आम चुनाव में सुल्तानपुर से कांग्रेस के टिकट पर गनपत सहाय सांसद चुने गए थे। कार्यकाल के दौरान ही उनका निधन हो गया तो 1969 में उपचुनाव हुआ और इसमें भारतीय क्रांति दल से श्रीपति मिश्र सांसद चुने गए।

# बहराइच सीट पर हैट्रिक की तैयारी में भाजपा सपा की मोचेबंदी पहले से कहीं ज्यादा बेहतर

**बहराइच।** भाजपा ने लगातार तीसरी बार प्रत्याशी बदलकर नए चेहरे पर दांव लगाया है। सपा ने भी इसी फामूर्ले को आजमाया है। बसपा अभी तक प्रत्याशी ही घोषित नहीं कर सकी है। फिलहाल लगातार दो चुनाव में धमाकेदार जीत हासिल करने वाली भाजपा हैट्रिक की तैयारी में है, लेकिन गठबंधन की ओर से सपा की मोचेबंदी पहले से कहीं ज्यादा बेहतर है। ऐसे में चुनावी समर में रोमांचक संग्राम नजर आएगा। हार-जीत काफी हद तक बसपा के रुख पर भी निर्भर करेगा। भाजपा ने सांसद अक्षयवरलाल गोंड के बेटे पर भरोसा जताते हुए डॉ. आनंद गोंड को प्रत्याशी बनाया है। इससे पूर्व भी भाजपा ने पिछले दो लोकसभा चुनावों में नए चेहरे पर दांव खेला था, हालांकि 2014 में जीतने वाली सवित्रिबाई फुले से पार्टी ने किनारा कर लिया था। इस कारण वह कांग्रेस में शामिल हो गई थीं। ऐसे में भाजपा ने 2019 में अक्षयवरलाल गोंड को प्रत्याशी बनाया था।

उन्होंने भी पार्टी नेतृत्व के निर्णय को सही साबित करते हुए 1.28 लाख से अधिक मतों के अंतर से धमाकेदार जीत हासिल की थी। अब भाजपा ने 2024 के चुनाव में निवर्तमान सांसद के बेटे को आगे बढ़ाया है। मुस्लिम बहुल सीट पर सपा दो दशक से अपनी खोई जमीन तलाशने में जुटी हुई है। वर्ष 2004 में पहली बार सपा के कद्दावर नेता डॉ. वकार अहमद शाह की पत्नी रुआब सईदा ने चुनाव जीता था। इसके बाद सपा दो दशक से चुनाव में हांफती नजर आ रही है। हालांकि सपा ने भी इस बार नए चेहरे पर दांव लगाते हुए पूर्व विधायक रमेश गौतम को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, बसपा के रणनीतिकार मान रहे हैं कि पार्टी किसी मुस्लिम चेहरे को आगे बढ़ा सकती है। ऐसा हुआ तो चुनाव का रोमांच देखते ही बनेगा।

# पीएम और सीएम पर बरसे तेजस्वी, कहा- भाजपा के घोषणा पत्र में न तो नौकरी और न पलायन का कोई जिक्र



**औरंगाबाद।** गया जिले के औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत इमामगंज विधानसभा क्षेत्र के जमुना मैदान और गया लोकसभा क्षेत्र के वजीरगंज विधानसभा क्षेत्र में राजद नेता तेजस्वी यादव ने चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान राजद नेता तेजस्वी यादव के निशाने पर पीएम नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रहे। साथ ही एनडीए घटक दलों के नेताओं पर जमकर बरसे। एनडीए के गढ़ में जनसभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने चिलचिलाती धूप में नौजवानों को खड़ा देख सभी लोगों के जज्बे को सलाम किया। तेजस्कवी यादव ने कहा कि अभय कुशवाहा को लालू जी ने लालटेन थमाया है, इसलिए आपलोग इनको जीत हासिल करवाईये। विधायक से पीएम तक भाजपा के, लेकिन किया क्या तेजस्वी यादव भाषण देते हुए ने एनडीए पर खूब बरसे। उन्होंने कहा कि 18 साल से एमपी एनडीए का है। उन्होंने क्या काम किया है आपके लिए। यह आपको विचार करना है। इन क्षेत्रों में लगातार आप देखेंगे विधायक भी एनडीए का, सांसद भी एनडीए का, प्रधानमंत्री भी एनडीए का, मुख्यमंत्री भी 18 साल से एनडीए का ही है। आपके इमामगंज की गरीबी और बेरोजगारी के लिए क्या-क्या किया। महंगाई क्यों नहीं कम किया। भाजपा के घोषणा पत्र पर कसा तंज तेजस्वी यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अभी देख रहे हैं कि खेत में फसल लगा हुआ है। कटनी शुरू है, लेकिन किसानों को सही फसल का दम नहीं मिलता है। आज आप लोग जानते हैं बाबा साहब अंबेडकर जी का जयंती है। यह देश बनाने, गांव संवारने और लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। भाजपा के लोग लोकतंत्र की हत्या कर संविधान को बदल देना चाहते हैं। आपके अधिकार को छिनना चाहते हैं। आज भाजपा ने घोषणा पत्र जारी किया है लेकिन बिहार के लिए कुछ नहीं था। भाजपा के घोषणा पत्र में बिहार के नौजवानों के लिए नौकरी का जिक्र भी नहीं था। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार से पलायन कैसे रुकेगा, इसका भी जिक्र नहीं था। मुख्यमंत्री बनाइएगा तो 10 लाख लोगों को देंगे नौकरी तेजस्वी यादव ने कहा कि मैं इसी मैदान में पिछली बार 2020 में आया था। तब हमने कहा था कि एक मौका दीजिए। तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाइएगा तो 10 लाख लोगों को नौकरी देंगे। चाचा जी के लिए हमारी शुभकामनाएं है, वह जहां रहे स्वस्थ रहें, अच्छे से रहे। हमे 17 महीने के लिए उपमुख्यमंत्री बनाया। 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी नहीं दे पाए। लेकिन 5 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देने का काम किया। चाचा जी पलट गए नहीं तो अभी तक 10 लाख सरकारी नौकरी लोगों को दे देते। 17 महीना में हम लोगों ने काम किया है।

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...




नई दिल्ली।। सोमवार 15 अप्रैल -2024 | दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित









## 17 और 18 अप्रैल की तारीख रहने वाली हैं धौलाना में कुछ खास

# 18 को होगी सीएम की भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में जनसभा

वरिष्ठ संवाददाता

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। इस बार चुनाव में क्षत्रिय समाज नाराज बताया जाता है। ठाकुर समाज की नाराजगी सोशल मीडिया पर दिखाई दे रही है। वो अपनी पोस्ट के जरिए अपने दिल के गुब्बार को निकाल रहे हैं। अब ये नाराजगी क्या असर दिखायेगी ये आने वाला समय बतायेगा और नाराजगी को संभालने को क्या प्रयास भाजपा ने किये हैं ये भी पता चलेंगे। लेकिन इन सबके बीच खबर ये है कि 17 अप्रैल और 18 अप्रैल की तारीख धौलाना में खास रहने वाली है। 17 अप्रैल को धौलाना में ठाकुरों की महापंचायत का ऐलान हो गया है। 17 अप्रैल को धौलाना में ये महापंचायत होगी और इस महापंचायत में ठाकुर समाज के खास लोग भी हिस्सा लेंगे।



ये महापंचायत तय करेगी कि समाज किसके पक्ष में जायेगा। वहीं सूत्र बताते हैं कि क्षत्रिय महासमाज की महापंचायत के अगले दिन ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा धौलाना में होनी है। दैनिक करंट क्राइम ने पहले ही ये प्रकाशित कर दिया था कि धौलाना में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा होगी। सूत्र बताते हैं कि 18 अप्रैल को मुख्यमंत्री आदित्यनाथ धौलाना में आ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ठाकुर समाज के बड़े चेहरे माने जाते हैं। यहां सबकी निगाहें इस बात पर रहेंगी कि धौलाना में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बोल क्या रहेंगे। बहरहाल 17 अप्रैल और 18 अप्रैल की तारीख धौलाना की सियासी फिजा में खास रहने वाली हैं।

### ठाकुर समाज के रिटायर अफसर और पूर्व जनप्रतिनिधि भरेंगे हुंकार



**करंट क्राइम।** 17 अप्रैल को धौलाना में पुरानी तहसील के पास ठाकुरों की महापंचायत हो रही है। साठा चौरासी की सरजमी पर होने वाली इस महापंचायत में ठाकुर समाज के कई पूर्व जनप्रतिनिधि और रिटायर अफसर भी सियासी वजूद को लेकर हुंकार भरेंगे। सूत्र बताते हैं कि इस महापंचायत की परमीशन मिल गई है और महापंचायत का वजूद बड़ा होने जा रहा है। पहले यह महापंचायत एक हॉल में होनी थी। लेकिन अब बड़ा संदेश देने के लिए ये महापंचायत बड़े स्थान पर हो रही है। इसकी तैयारियां शुरू हो गई है और केवल धौलाना ही नहीं बल्कि आस पास के इलाकों में रहने वाले ठाकुर समाज के लोगों को बुलाने के लिए बसें लगाई गई हैं। इस महापंचायत में ठाकुर समाज के चेहरे इस बात का फैसला लेंगे कि समाज इस चुनाव में किसके पक्ष में जायेगा। महापंचायत की तैयारी हो गई है।

### नाराजगी का होगा डैमेज या भाजपा कर लेगी पूरे मामले को मैनेज

करंट क्राइम। लोकसभा का टिकट घोषित होने के बाद से ही कुछ चेहरों ने इसे ठाकुर टिकट से जोड़कर नाराजगी का सीन बना दिया। पहले छोटी छोटी बैठक हुईं और फिर महापंचायत का दिन आ रहा है। यहां पर एक बड़ा सवाल है कि भाजपा को ठाकुरों की नाराजगी का डैमेज होगा या भाजपा चुनाव से पहले ही सबकुछ मैनेज कर लेगी। सियासी जानकार ये मान रहे हैं कि भाजपा के बड़े नेता भले ही बोल नहीं रहे हैं लेकिन वो पूरे मामले को तोल रहे हैं और वो डैमेज कंट्रोल कर लेंगे। वैसे भी अतुल गर्ग के चुनाव में भाजपा के बड़े ठाकुर चेहरे उनके साथ हैं और खास बात ये है कि यहां धौलाना विधायक धर्मेश तोमर भाजपा लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग के पक्ष में डटे हुए हैं। धौलाना की सियासत में खासतौर से, ठाकुर सियासत में धर्मेश तोमर का मजबूत वजूद बताया जाता है। इसके पहले भाजपा में अतुल गर्ग के नामांकन जुलुस से पहले केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की जनसभा उनके पक्ष में करायी। अब धौलाना में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा हो रही है। ये दोनों चेहरे उत्तर प्रदेश के बड़े ठाकुर चेहरे हैं और यहां इनके आने से नाराजगी पर काबू पाया जा सकता है।



### ठाकुर वोट होंगे क्या किसी और उम्मीदवार की तरफ डाइवर्ट

करंट क्राइम। ठाकुर समाज की नाराजगी खुलकर सामने आ गई है। उसके कई भगवा चेहरों ने दल से पहले समाज को वरीयता देने की बात कही है। ठाकुर समाज ने महापंचायत बुला ली है। सबसे बडी बात ये है कि बसपा ने एक ठाकुर चेहरे को टिकट दिया है और अब आंकलन ये हो रहा है कि अगर ठाकुर समाज डायवर्ट हुआ तो वो किधर जायेगा। हालांकि यहां भाजपा प्रबंधन को पूरा विश्वास है और अतुल गर्ग भी पूरे उत्साह के साथ चुनाव लड़ रहे हैं लेकिन सवाल यही है कि नाराजगी के तराजू पर किसका वजन भारी रहेगा। बसपा ने नन्दकिशोर पुण्डीर को टिकट दिया है और क्या भगवा ठाकुर इस बार महाराणा प्रताप के चेतक को छोड़कर बसपा के हाथी पर सवार होंगे। क्या ठाकुरों की नाराजगी का कोई माइलेज कांग्रेस उम्मीदवार डॉली शर्मा को मिलेगा। या फिर सीन कुछ ऐसा बनेगा कि ये वोट बैंक घूम फिरकर कमल पर ही खिलेगा। 17 अप्रैल को महापंचायत होगी तो यहां पर ठाकुर समाज के बड़े चेहरों की संख्या और उनकी नाराजगी का वजन दोनों ही काउंट होंगे।

# जब अम्बेडकर पार्क के सामने हो गया भाजपा नेता की कार खड़ी करने को लेकर विवाद



## पुलिस ने मामले को संभाला और बिगड़ने से पहले काबू किए हालात

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनाव चल रहा है तो आचार संहिता के सामने कई नेतागिरी लाचार दिख रही हैं। आचार संहिता के रूल हैं तो फिर फूल वालों को मंहगी कारों से भाजपा के झंडे हटाने पड़े हैं। आचार संहिता है तो मंहगी कारों पर लिखे नेताओं के पद भी ए-4 कागज की शीट से ढक दिये गये है। अब नेतागिरी में कार पर झंडा ना हो और शीशे पर पद ना लिखा हो तो फिर कोई कद ही मानता है। किस्सा नवयुग मार्किट के अम्बेडकर पार्क से जुड़ा है और यहां एक भाजपा नेता की फार्चूनर कार खड़ी करने को लेकर विवाद हो गया।



यहां स्थिति बिगड़ती उससे पहले पुलिस ने हालात पर काबू पाया और भाजपा नेता की कारों को आनन फानन में हटवाया। 14 अप्रैल यानि रविवार को डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती थी। हर वर्ष की भांति 14 अप्रैल को नवयुग मार्किट के अम्बेडकर पार्क में चहलपहल का माहौल था और मूवमेंट भी हो रही थी। सभी राजनीतिक दलों के लोग, सामाजिक संस्थाओं के लोग आ रहे थे। रविवार को ही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी को आना था।

बड़े नेता है और जानते हैं कि चुनावी आचार संहित के दायरे में कैसे आना है लेकिन साथ चल रहे चेहरों में कोई ना कोई चेहरा ऐसा होता है जो छोटा सा फाउल कर देता है जिसकी वजह से कई बार बात बिगड़ती हे। बताते हैं कि रविवार को भी किसी भाजपा नेता ने अम्बेडकर पार्क के गेट के सामने अपनी फार्चूनर कार खड़ी कर दी। तभी उधर से डॉ भीमराव अम्बेडकर समिति के लोग उनकी जन्म जयंती पर निकाले जाने वाले जुलुस को लेकर आ गये। अब यह जुलुस पार्क के अंदर जाना था और पार्क के गेट पर भाजपा नेता की फार्चुनर कार खड़ी थी। थोड़ी देर तो समिति के लोगों ने इंतजार किया लेकिन उनका पारा तब हाई हो गया कि जब उन्होंने देखा कि गेट के सामने खड़ी कार भाजपा की है और उस कार के आगे और पीछे जो दो कारें खड़ी हैं वो एक भाजपा उपाध्यक्ष और एक भाजपा महामंत्री की हैं।

बताते हैं कि मार्ग में यह अवरोध देखकर समिति वालों को क्रोध आ गया। उन्होंने अपना विरोध जताया और वो नाराज हो गये। इससे पहले कि यहां हालात बिगड़े उससे पहले इस मामले को संभाला और उन्होंने तत्काल प्रभाव से फार्चूनर व दूसरी कारों को वहां से निकाला। इसके बाद यह विवाद समाप्त हुआ। मामला बिगड़ा उससे पहले ही पुलिस ने हालात पर काबू पाया। यहां पर भाजपा और अम्बेडकर समिति के लोगों दोनों ने ही अपनी तरफ से भी माहौल बनाया और फिर एक संभावित विवाद शांतिपूर्ण हल हो गया।

# खोया हुआ नजर आ रहा है निर्दलीय प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को चुनाव है और यहां 11 ऐसे निर्दलीय और क्षेत्रीय दल के प्रत्याशी हैं जो चुनावी रणभूमि में अपनी जोर आजमाइश कर रहे हैं। अभी तक लोकसभा चुनाव के लिए यह निर्दलीय और क्षेत्रीय स्थानीय दल वाले नेता वोट मांगते नजर नहीं आ रहे हैं। ऐसी क्या वजह है कि यह चुनाव प्रचार से लेकर लोगों के बीच में दूरी बनाए बैठे हैं। जबकि इन्होंने लोकसभा के चुनाव के लिए नामांकन किया है। बता दें कि गाजियाबाद लोकसभा सीट पर कुल 14 अलग-अलग उम्मीदवारों ने अपनी लोकसभा चुनाव के लिए दावेदारी प्रस्तुत की है।

## सोशल मीडिया से लेकर फील्ड में नजर नहीं आ रहे प्रत्याशी

## प्रचार से लेकर संपर्क में भी पीछे हैं निर्दलीय चेहरे

### क्षेत्रीय दल व निर्दलीय भी है प्रचार से आउट

**करंट क्राइम :** इसमें क्षेत्रीय और निर्दलीय जो चेहरे हैं उनकी संख्या 11 है। सुखी समाज पार्टी की ओर से अवधेश कुमार चुनाव मैदान में है, जिनका ट्रैक्टर चुनाव चिन्ह है। वही आनंद कुमार राष्ट्रीय निर्माण पार्टी से हांडी चुनाव चिन्ह के साथ हैं। अंशुल गुप्ता राष्ट्रीय जन कर्मठ पार्टी से हैं, जिनका निशान बांसुरी है। वहीं धीरेंद्र सिंह भदोरिया सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी से हैं ,इनका चुनाव चिन्ह अलमारी है। नमह समाज विकास क्रांति पार्टी से हैं और यह है किसान के गन्ने वाले चुनाव चिन्ह पर मैदान में आए हैं। इसी के साथ राइट टू रिकॉल पार्टी की पूजा को प्रेशर कुकर का चिन्ह मिला है। तो प्रदीप कुमार पुंडीर निर्दलीय के रूप में चारपाई के चिन्ह पर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। औरंगजेब निर्दलीय हैं और कांच का गिलास इनका चुनाव चिन्ह है। तो निर्दलीय के रूप में कविता मेज के साथ मैदान में आई है। नत्थू सिंह चौधरी निर्दलीय के रूप में है और टाइपिंग मशीन इनका निशान है। वहीं रवि कुमार पांचाल निर्दलीय के रूप में सोफे के साथ चुनावी मैदान में है।



### 11 में से आधे चेहरे भी नहीं आ रहे नजर

**करंट क्राइम :** निर्दलीय और क्षेत्रीय दलों के रूप में कुल 11 उम्मीदवार हैं लेकिन 11 में से आधे भी ऐसे प्रत्याशी नहीं है जो चुनाव की इस बेला में अलग-अलग मोहल्ले और इलाकों में वोट मांगते नजर आ रहे हों। साथ ही वह चुनाव प्रचार और अपनी पकड़ बनाते भी नहीं दिखाई दे रहे हैं। कुल मिलाकर अभी तक किसी भी निर्दलीय ने चुनाव को लेकर अपनी ताल नहीं ठोकी है।

# पूर्व मुरादनगर थानाध्यक्ष सहित चार पुलिसकर्मियों पर भ्रष्टाचार के तहत मुकदमा दर्ज



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के देहात जोन में पुलिसकर्मियों के लिए चौंकाने वाली खबर है। मुरादनगर थाना के पूर्व अध्यक्ष, विवेचक, तात्कालिक विवेचन भुवनेश कुमार और हेड कांस्टेबल विकास कुमार पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम-1988, 7 क्रिमिनल एक्ट और 13बी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। साथ ही धमकाने और रिश्वत मांगने जैसे गंभीर आरोप के आधार पर मुकदमा लिखा गया है। यह मुकदमा रविवार की देर शाम मुरादनगर थाना पुलिस ने दर्ज किया है। पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि पूरा मामला एक विवेचना में पैसे मांगने से संबंधित है ,जिसके पीड़ित ने पेन ड्राइव में साक्ष्य और रिकॉर्डिंग भी उपलब्ध कराई है। चुनावी सीजन में पुलिसकर्मियों पर इस प्रकार का मुकदमा लिखे जाने से ग्रामीण जोन के पुलिसकर्मियों की टेंशन बढ़ गई बताई जा रही है।

### उच्च अधिकारियों की जांच के बाद लिखा गया मुकदमा

### जल्द हो सकते हैं कार्रवाई का शिकार

करंट क्राइम : पुलिस विभाग के सूत्र बता रहे हैं कि हेड कांस्टेबल, उप निरीक्षक, पुन विवेचक और उस वक्त के थानाध्यक्ष पर जल्द ही कठोर कार्रवाई हो सकती है। मुकदमा लिखाए जाने और साक्ष्यों की जांच के आधार पर जल्द ही इनको सस्पेंड भी किया जा सकता है। जिसके लिए आने वाले दिनों में चुनाव आयोग को रिपोर्ट भेज कर इनपर करवाई की जाएगी। पीड़ित द्वारा जो पुलिस को शिकायत दी गई है, उसमें उसने थानाध्यक्ष, उप निरीक्षक और हेड कांस्टेबल की मिली भगत का भी गंभीर आरोप लगाया है। साथ ही सूत्र यह बता रहे हैं कि पूरा मामला इलाके वाले एसीपी साहब से लेकर डीसीपी साहब के कार्यालय तक पहले ही पहुंच गया था।

# बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर हम सबके प्रेरणास्रोत हैं उनके बताए हुए मार्ग पर ही हमें चलना है: डॉली शर्मा

## 'मेरा सपना है शहर की मलिन बस्तियों और झुग्गी-झोपड़ियों तक विकास की किरण पहुंचाना'





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रविवार को इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने अपने गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत कीं और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी क्रम में डॉली शर्मा समर्थकों के साथ डॉ. बीआर अंबेडकर जयंती पार्क, नवयुग मार्केट पहुंचीं और बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प-माला अर्पित करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर कांग्रेस महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी और पूर्व महानगर अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज आदि ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

डॉली शर्मा ने कहा कि हमारे देश के संविधान के निर्माण में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का महत्वपूर्ण योगदान है। उनके सपने के भारत को बनाने के लिए हमारी कांग्रेस पार्टी सतत सक्रिय रही है। उनके जीवन आदर्श हम सभी के लिए अनुकरणीय हैं। हम सबके जेहन में, भावी पीढ़ियों के मनोमस्तिष्क में उनकी स्मृति अक्षुण्ण रहे, जनमानस उनसे प्रेरणा लेता रहे, इसका मैं पुख्ता इंतजाम करूंगी। समाज के शोषित व दलित वर्ग की हकमारी कोई नहीं कर पाए, इस नजरिए से सदैव चौकस रहती हूं। उन्होंने आगे कहा कि पिछले दिनों मैंने नगर आयुक्त गाजियाबाद को पत्र लिखकर शहर के विभिन्न चौक-चौराहे के सौंदर्यीकरण/सजावटीकरण की मांग की थी और उसे बाबा साहब की स्मृतियों से जोड़ने की जरूरत बताई थी। इस दिशा में बढ़े कार्यों का परिणाम आपके सामने है। इससे मुझे बहुत खुशी हुई है। शहर की मलिन बस्तियों और झुग्गी-झोपड़ियों तक विकास की किरण पहुंचाना मेरा सपना है। यदि आपने मुझे मौका दिया, जनादेश दिया, और यह सब कुछ मैं कर पायी, तो यही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

यहां पर उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर विचार सेवा संस्थान द्वारा लगाई गई 'डॉ. अम्बेडकर साहित्य प्रदर्शनी' का भी जायजा लिया और उनकी जनकल्याणकारी साहित्य में अभिरुचि ली। यहां पर आयोजकों ने उन्हें जय भीम का पटका भेंट किया और स्मृति चिह्न प्रदान किया। इसके बाद वह तमाम दलित नेताओं व समाजसेवियों से मिलीं और उनका कुशलक्षेम पूछा। इससे पहले वह घूकना मोड़, गली नं- 3, भीम नगर, गाजियाबाद में सावित्री बाई फूले जनसेवा संस्थान के नेतृत्व में आयोजित जनसंपर्क बैठक में शरीक हुईं।


यहां पर उन्हें फूलों की माला से लाद दिया गया। तत्पश्चात उन्होंने पटेल मार्ग स्थित डॉ. भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और यहां पर आयोजित विशाल भंडारा में प्रसाद वितरण किया। उनके साथ पूर्व मंत्री नरेंद्र त्यागी, किसान नेता अमित शर्मा, अश्विनी शर्मा आशु, आप नेता अश्विनी शर्मा आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय

# ताश के पत्तों जैसा राजनीति का खेला

बताते हैं कि ताश के खेल में यह होता है कि खिलाड़ी ने अगर एक बार कोई पत्ता फेंक दिया तो फिर वह उसे वापस नहीं ले सकता। जैसे कई बार बाजी हाथ से निकल जाती है, वैसे ही पत्ता भी हाथ से निकल जाता है। हालांकि यह कोई तीर नहीं होता कि कमान से छूटा तो वापस लौटकर नहीं आता। पत्ता ही होता है, लेकिन आप चाहकर भी उसे वापस नहीं ले सकते। इस तरह वह उस बीते हुए वक्त की तरह होता है, जो लौटकर वापस नहीं आता। लेकिन राजनीति में ऐसा नहीं होता। राजनीति में आप अपना पत्ता वापस ले सकते हैं और उसकी जगह दूसरा पत्ता चल सकते हैं, अर्थात अपना उम्मीदवार वापस ले सकते हैं और उसकी जगह दूसरे उम्मीदवार को मैदान में उतार सकते हैं। यह खेला इधर खूब हो रहा है। राजनीति में अब खेला ही होता है और इसका श्रेय ममता बनर्जी को देना चाहिए जिन्होंने बंगाल के पिछले विधानसभा चुनाव में डायलॉग मारा कि खेला होबे। खेला होबे, शोले के अरे ओ सांबा की तरह एकदम हिट गया है। खैर जी, राजनीति में यह खेला खूब हो रहा है। हालांकि राजनीति की ताश के खेल से तुलना आज तक हुई नहीं है। ज्यादा से ज्यादा इसकी तुलना शतरंज से की जा सकती है। क्योंकि वह भी वैसे ही खेला जाता है, जैसे युद्ध लड़ा जाता है। लेकिन जैसे शतरंज में राजा और वजीर वगैरह होते हैं, वैसे ही ताश में भी बेगम बादशाह तो होते ही हैं। लेकिन इसमें गुलाम भी होता है, जिसे अक्सर जोकर कह दिया जाता है। राजनीति में अपने विरोधी को अक्सर जोकर भी कहा जाता है। अलबत्ता जब मंत्रिमंडलों में फेरबदल होता है तो लोगों को जरूर ताश का खेल याद आ आता है कि लो जी, ताश के पत्तों की तरह से फिर फेंट दिया मंत्रिमंडल को। वैसे राजनीति में ताश की तरह ही तुरुप का पत्ता भी होता है। कभी कोई मुद्दा तुरुप का पत्ता बन जाता है तो कभी कोई नेता ही तुरुप का पत्ता बन जाता है। ताश में और भी कई तरह के खेल होते हैं। राजनीति में भी कई तरह के खेल होते हैं। जैसे इधर भाजपा अपने हाथ में ऐसे पत्ते जोड़ने में लगी है, ताकि बाजी उसके हाथ रहे। ताश में मनोवैज्ञानिक तौर-तरीके भी खूब चलते हैं और कमजोर पत्तों के बावजूद हारने वाला भी जीतने जैसे हाव-भाव दिखाता रहता है। राजनीति में इसे वार ऑफ नर्व्स कहा जाता है। मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने, बढ़त बनाने की कोशिश की जाती है। तो जनाब राजनीति में भी ताश की तरह ही तरह-तरह के खेल होते हैं। लेकिन ऐसा कभी नहीं होता कि एक बार पत्ता फेंक दिया तो उसे वापस लेकर दूसरा पत्ता चल दो। जबकि राजनीति में इधर तो ऐसा खूब हो रहा है। नहीं क्या?

# 'ये घोषणा पत्र नहीं, अगले पांच वर्षों के बजट का संकेत'



**नई दिल्ली।** आर्थिक मामलों के जानकार डॉ. नागेंद्र कुमार शर्मा ने अमर उजाला से कहा कि यदि भाजपा को इस लोकसभा चुनाव में जीत मिलती है, तो पार्टी का यह संकल्प पत्र केंद्र सरकार के अगले पांच वर्षों के बजट का संकेत पत्र बन सकता है। भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के अन्य नेताओं ने इसे भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का 'संकल्प पत्र' कहा है। इस संकल्प पत्र में गरीब, युवा, महिला, किसान और मध्यम वर्ग के लिए कई बड़े वादे किए गए हैं। मूलभूत ढांचे के विकास के साथ-साथ कृषि और रोजगार क्षेत्र को मजबूत करने का संकल्प भी दोहराया गया है। प्रमुख अर्थशास्त्रियों ने इसे मोदी सरकार के अगले पांच सालों के बजट का संकेत पत्र करार दिया है। हालांकि, कुछ अर्थशास्त्रियों की राय है कि भाजपा अपनी पुरानी नीति को जारी रखते हुए बड़े संगठित क्षेत्र को मजबूत करने की कोशिश करेगी, जबकि छोटे-मझोले उद्योगों को नुकसान उठाना पड़ेगा।

आर्थिक मामलों के जानकार डॉ. नागेंद्र कुमार शर्मा ने अमर उजाला से कहा कि यदि भाजपा को इस लोकसभा चुनाव में जीत मिलती है, तो पार्टी का यह संकल्प पत्र केंद्र सरकार के अगले पांच सालों के बजट का संकेत पत्र बन सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले 10 सालों में अर्थव्यवस्था की गति को बनाए रखने के लिए मूलभूत ढांचे में तेज निवेश को अपना मूल मंत्र बना रखा है। रेल, सड़क, हवाई क्षेत्र, स्वास्थ्य और शिक्षा पर खर्च के माध्यम से केंद्र सरकार ने न केवल इन क्षेत्रों की तस्वीर बदली, बल्कि निवेश के कारण दूसरे क्षेत्रों को गति मिली। मोदी सरकार की इसी नीति का परिणाम है कि जिस समय पूरी दुनिया की आर्थिक गति ठहरती सी दिखाई पड़ी, उसी समय में भारत तेजी से आगे बढ़ता रहा है। चूंकि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में एक बार फिर रेल, सड़क, वायु सेवाओं, पर्यटन और कृषि को विस्तार देने का वादा किया है, माना जा सकता है कि यदि भाजपा चुनाव जीती, तो इन सेक्टर में निवेश जारी रहेगा और इसका सकारात्मक असर अर्थव्यवस्था पर दिखाई पड़ेगा। डॉ. नागेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार ने जिस तरह पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने को अपनी नीति बना रखी है, उसी के अंतर्गत अयोध्या, काशी, मथुरा और अन्य धार्मिक केंद्रों का विकास किया गया है। पर्यटन क्षेत्र को सबसे कम लागत में सबसे अधिक रोजगार उपलब्ध कराने वाला क्षेत्र माना जाता है। यानी इसके माध्यम से रोजगार के सबसे अहम मोर्चे पर काम करने की सोच दिखाई गई है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह भारत को दिशा दिखाने वाला संकेतक बन सकता है। उन्होंने कहा कि एक असंगठित क्षेत्र के कामकाज में औसतन 1.7 लोगों को रोजगार मिलता है। यानी एक व्यक्ति कोई उद्यम करता है और एक-दो व्यक्ति उसकी सहायता के लिए काम करते हैं। यदि माइक्रो सेक्टर को मजबूत करने पर जोर दिया जाए तो यह रोजगार उपलब्ध कराने का काम कर सकता है। लेकिन उनका मानना है कि भाजपा के संकल्प पत्र में इस सेक्टर के लिए कोई उपाय नहीं दिखाया गया है।

छोटे सेक्टर के लिए भी उपाय हालांकि, डॉ. नागेंद्र कुमार शर्मा की राय इससे अलग है। उन्होंने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में मुद्रा लोन की सीमा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने की बात कही गई है।

### निचले उद्योगों को दिशा नहीं दिखाई- अरुण कुमार

वहीं, प्रसिद्ध अर्थशास्त्री अरुण कुमार की राय इससे अलग है। उन्होंने अमर उजाला से कहा कि केंद्र सरकार के पिछले दस साल का ट्रैक रिकॉर्ड बताता है कि वह संगठित क्षेत्र को मजबूत करने पर ज्यादा जोर देती है, जबकि असंगठित क्षेत्र को मजबूत बनाने की दिशा में वह कोई काम नहीं करती। इसी का परिणाम हुआ है कि पिछले दस सालों में संगठित क्षेत्र तो मजबूत हुआ है, लेकिन गरीब वर्ग कमजोर हुआ है। भाजपा के संकल्प पत्र में इन्हें मजबूत करने पर जोर दिया जाता, तो ज्यादा बेहतर होता। अरुण कुमार ने कहा कि देश का 97.5 फीसदी श्रमिक वर्ग असंगठित क्षेत्र में काम करता है। कुल श्रमिक वर्ग का लगभग 46 फीसदी कृषि क्षेत्र में काम करता है। ऐसे में यदि सरकार को गरीबों को आर्थिक तौर पर समृद्ध करना है, उसके हाथों में नकद पैसा पहुंचाना है, जिससे वह सामान खरीद सके और आवश्यक वस्तुओं के मांग क्षेत्र में मजबूती बनी रहे तो उसे असंगठित, कमजोर और श्रमिक वर्ग के कल्याण के लिए काम करना होगा।

# साइबर फ्रॉड रोकने के लिए वित्त मंत्रालय सख्त, बैंकों को दिया खास फरमान

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ समय में डिजिटल ट्रांजैक्शन तेजी से बढ़ा है। शहरी इलाकों के साथ ही दूरदराज के गांवों में भी लोग धड़ल्ले से डिजिटल बैंकिंग कर रहे हैं। इससे साइबर फ्रॉड का जोखिम भी बढ़ा है। कई बार यह भी देखा गया है कि बैंक या वित्तीय संस्थान सही तरीके से ङउ नहीं करते जिससे गड़बड़ी होती है। अब वित्तीय मंत्रालय ने बैंकों को एक सख्त निर्देश दिया है। पिछले साल साइबर फ्रॉड के




11,28,265 मामले सामने आए। बिजनेस डेस्क, नई दिल्ली। पिछले एक दशक में टेक्नोलॉजी का तेजी से विकास हुआ है। अब बड़ी संख्या में लोग फोन से वित्तीय लेनदेन करने लगे हैं, क्योंकि आसान और सुविधाजनक है। इसमें शहरों के साथ दूरदराज के ग्रामीण इलाकों के लोग भी शामिल हैं। डिजिटलाइजेशन का एक नुकसान यह हुआ है कि इससे बैंकिंग फ्रॉड के मामले भी काफी बढ़ गए हैं।

डिजिटल ट्रांजेक्शन का इस्तेमाल हर आयु वर्ग के लोग करते हैं। जैसे कि बच्चे, बड़े और बुजुर्ग। लोगों को तकनीकी जानकारी नहीं होती और वे अनजाने में गोपनीय जानकारियां साझा कर देते हैं। कई बार वित्तीय संस्थान भी ङउ यानी ह्यअपने ग्राहक को जानो प्रक्रिया का सही से पालन नहीं करते। इससे भी फ्रॉड की गुंजाइश बढ़ जाती है। इस तरह के मामलों पर अब वित्त मंत्रालय ने सख्त रुख अपनाया है।

इस तरह के अन्य बैंकिंग फ्रॉड को रोकने के लिए बैंकों को सख्त निर्देश दिया है। क्या है हवाले से बताया कि वित्त मंत्रालय ने बैंकों को ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में बैंकिंग सेवाएं देने वाले दुकानदारों (मर्चेंट) और बैंकिंग प्रतिनिधि जोड़ने से पहले उनकी गहन जांच यानी ङउ करने को कहा है। वित्त मंत्रालय का मानना है कि इस साइबर फ्रॉड पर अंकुश तो लगेगा ही, फाइनेंशियल इकोसिस्टम को भी बेहतर किया जा सकेगा। डेटा के मुताबिक, पिछले साल साइबर फ्रॉड के 11,28,265 मामले सामने आए।

## राशिफल

**मेष :** लेनदारी वसूल करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**वृष :** शारीरिक कष्ट संभव है। पारिवारिक समस्या से चिंता बढ़ सकती है। नई आर्थिक नीति बन सकती है। कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन से भविष्य में लाभ होगा।

**मिथुन :** धार्मिक कार्य में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा।

**कर्क :** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। धनागम होगा। प्रतिद्वंद्वी अपना रास्ता छोड़ देंगे।

**सिंह :** संपत्ति की खरीद-फरोख्त में सफलता मिलेगी। स्थायी संपत्ति की दलाली बड़ा लाभ दे सकती है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**कन्या :** व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभदायक रहेंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। आय के साधनों में वृद्धि होगी।

**तुला :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृश्चिक :** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। विवाद से क्लेश संभव है।

**धनु :** कानूनी अड़चन सामने आएगी। अज्ञात भय सताएगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। पराक्रम बढ़ेगा।

**मकर :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। घर में अतिथियों का आगमन होगा।

**कुंभ :** सुख के साधनों पर व्यय होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। निवेश शुभ रहेगा।

**मीन :** शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। हल्की हंसी-मजाक न करें।

## चुटकुले

पड़ोसन पांच मिनट से हाथ हिला रही थी, तो
पप्पू ने भी हाथ हिलाया और हाय किया...!
तभी पीछे से बीवी ने पीठ पर जोरदार थाप मारी और बोली
सामने वाली तुम्हें हाय नहीं कर रही है,
अपनी खिड़की का कांच साफ कर रही है...!

---

पत्नी - क्या बनाऊं आज...?
पति - बात का बतंगड़ छोड़ के कुछ भी
बना ले, खा लूंगा...!

---

लड़का - आप इतनी सुंदर कैसे हैं...?
लड़की - शराब के कारण...!
लड़का - आप शराब पीती हैं...?
लड़की - मैं नहीं कमीने, तू नशे में है,
इसलिए मैं सुंदर दिख रही हूं...!

---

पप्पू (मन ही मन सोचते हुए)
मेरा तो दिमाग घूम गया ये सोच सोच कर कि
कुछ लोग शादी के बाद भी 'ब्लड डोनेट' करते हैं...!
आखिर इतना बचता कैसे है...?

## रोचक तथ्यों का करंट

- न्यू जर्सी के सालेम में 28 जून, 1820 को टमाटर को 'परीक्षण पर' रखा गया था। एक न्यायालय के सामने, रॉबर्ट जॉनसन ने यह साबित करने के लिए टमाटर का एक ढेर खाया कि वे जहरीले नहीं थे। देखने वालों की भीड़ उसके मरने के लिए इंतजार कर रही थी। लेकिन वह मारा नहीं।
- चूंकि टमाटर के बीज होते हैं और वनस्पति पौधे से उगते हैं, इसे फल के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, न कि एक सब्जी के रूप में।
- टमाटर मूल रूप से पेरू देश से आए थे।
- साल 2013 में, एक यूके कंपनी ने ‘टॉमटाटो’ का एक पौधा बनाया जिसके उपरी भाग पर टमाटर उगते हैं और मिटटी के नीचे आलू।
- ठंडी जलवायु वाली जगहों में टमाटर आमतौर पर ग्लासहाउस (ग्रीनहाउस) में उगाए जाते हैं।
- दुनिया भर में टमाटर की लगभग 10,000 किस्में हैं।
- एक जापानी कंपनी ने एक रोबोट का आविष्कार किया जो आपकी पीठ पर बैठता है और आपको दौड़ते समय टमाटर भी खिलाता है।
- टमाटर लाइकोपीन में समृद्ध होते हैं, एक एंटीऑक्सिडेंट जो हृदय के लिए अच्छा होता है और कुछ कैंसर के खिलाफ प्रभावी होता है। कच्चे टमाटरों की तुलना में पके हुए टमाटर वास्तव में आपके लिए बेहतर होते हैं, क्योंकि अधिक फायदेमंद रसायनों को छोड़ दिया जाता है। टमाटर में विटामिन ए और सी, कैल्शियम, पोटेशियम भरपूर मात्रा में होता हैं।

# साइबर फ्रॉड रोकने के लिए वित्त मंत्रालय सख्त

## बैंकों को दिया यह खास फरमान



**नई दिल्ली।** पिछले एक दशक में टेक्नोलॉजी का तेजी से विकास हुआ है। अब बड़ी संख्या में लोग फोन से वित्तीय लेनदेन करने लगे हैं, क्योंकि आसान और सुविधाजनक है। इसमें शहरों के साथ दूरदराज के ग्रामीण इलाकों के लोग भी शामिल हैं। लेकिन, इस डिजिटलाइजेशन का एक नुकसान यह हुआ है कि इससे बैंकिंग फ्रॉड के मामले भी काफी बढ़ गए हैं। डिजिटल ट्रांजेक्शन का इस्तेमाल हर आयु वर्ग के लोग करते हैं। जैसे कि बच्चे, बड़े और बुजुर्ग। इनमें से बहुत से लोगों को तकनीकी जानकारी नहीं होती और वे अनजाने में गोपनीय जानकारियां साझा कर देते हैं। कई बार वित्तीय संस्थान भी ङउ यानी अपने ग्राहक को जानो प्रक्रिया का सही से पालन नहीं करते। इससे भी फ्रॉड की गुंजाइश बढ़ जाती है। इस तरह के मामलों पर अब वित्त मंत्रालय ने सख्त रुख अपनाया है। उसने ऐप घोटाला और इस तरह के अन्य बैंकिंग फ्रॉड को रोकने के लिए बैंकों को सख्त निर्देश दिया है।

**क्या है वित्त मंत्रालय का फरमान:** समाचार एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि वित्त मंत्रालय ने बैंकों को ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में बैंकिंग सेवाएं देने वाले दुकानदारों (मर्चेंट) और बैंकिंग प्रतिनिधि जोड़ने से पहले उनकी गहन जांच यानी ङउ करने को कहा है। वित्त मंत्रालय का मानना है कि इस साइबर फ्रॉड पर अंकुश तो लगेगा ही, फाइनेंशियल इकोसिस्टम को भी बेहतर किया जा सकेगा। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के डेटा के मुताबिक, पिछले साल साइबर फ्रॉड के 11,28,265 मामले सामने आए। इनमें साइबर अपराधियों ने लोगों को 7,488.63 करोड़ रुपये का चूना लगाया।

**निचले स्तर पर डेटा लीक का खतरा :** ग्रामीण इलाकों में दुकानदारों और बैंकिंग प्रतिनिधियों के पास मजबूत साइबर सिक्योरिटी सिस्टम नहीं होता। लेकिन, उनके पास बहुत से ग्राहकों की संवेदनशील जानकारियां होती हैं। लेकिन, उनके डेटा में सेंध लगने की गुंजाइश काफी अधिक होती है। यही वजह है कि वित्त मंत्रायल बैंकों और वित्तीय संस्थानों को बैंकिंग प्रतिनिधि जोड़ने से पहले उनकी अच्छे से ङउ करने की हिदायत दे रहा है। यह हिदायत उन जगहों के लिए खासतौर पर है, जिन्हें साइबर फ्रॉड का 'गढ़' माना जाता है।

**साइबर फ्रॉड से ऐसे निपट रही सरकार :** केंद्र सरकार ने देशभर में साइबर क्राइम के मामलों से सख्ती से निपटने की कोशिश कर रही है। गृह मंत्रालय ने सभी तरह के साइबर फ्रॉड से निपटने के लिए इंडियन साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर बनावाया है। रिजर्व बैंक भी साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने की दिशा में प्रयास कर रहा है। उसका इरादा गैरकानूनी तरीके से कर्ज देने वाले लोन ऐप्स के खिलाफ सख्ती बरतना है। वह इसके लिए एक डिजिटल इंडिया ट्रस्ट एजेंसी बनाने पर भी विचार कर रहा है, जो लोन ऐप का वेरिफिकेशन करेगी।

**क्या क्या है वर्ल्ड स्कैम ?**

पिछले साल जुलाई में खबर आई कि बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने ऐप पर सब्सक्राइबर बेस बढ़ाने के लिए बैंक के ग्राहकों के डेटा के साथ छेड़छाड़ की थी। बैंक ने कथित तौर पर कस्टमर्स की अकाउंट डिटेल को को अन्य कॉन्टैक्ट नंबर के साथ लिंक कर दिया। इसका मकसद था, मोबाइल ऐप अधिक रजिस्ट्रेशन दिखाना।

## करंट क्राइम

### परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

15 04 2024

### आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन



मंदिरा बेदी
अभिनेत्री



पुष्पा, रश्मि मिश्रा, शिखा सिरोही, संदीप गुप्ता, अनिल कुमार सागर, कालू यादव
विनीत त्यागी, सचिन लूथरा, शोभित शर्मा, विकास मोहन, सुधीर चाबरिया, नितेश मित्तल
वंश शर्मा, विनोद सिरोही, अजय राव, अजय वर्मा, विनय डागर

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी


# गोविन्दपुरम में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गोविन्दपुरम के बी ब्लॉक स्थित भगवान गौतमबुद्ध पार्क में डॉ. अम्बेडकर जनकल्याण समिति (पंजी.) के अध्यक्ष यशवंत सिंह की अध्यक्षता में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का 133वां जन्मदिन बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8.00 बजे प्रभात फेरी से हुई। प्रभात फेरी भगवान गौतमबुद्ध पार्क बी ब्लॉक से चलकर गोविन्दपुरम के सी.डी.एच. ब्लॉक से गौड़ होम्स होते हुए वापिस भगवान गौतमबुद्ध पार्क में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर उपस्थित बाबा साहेब के अनुयायियों ने बुद्ध वन्दना करने के बाद बाबा साहेब के चरणों में पुष्प अर्पित किये।

जन्मोत्सव समारोह में उपस्थित बाबा साहेब के अनुयायियों को सम्बोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष यशवंत सिंह ने कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो का हमें मूल मंत्र दिया है। इस मूल मंत्र को अपनाकर हमें अपने परिवार, समाज व देश का विकास करना चाहिए। समिति के सचिव श्री आर.पी. सिंह ने इस अवसर पर समिति की उपलब्धियों का लेखा-जोखा सम्बन्धी रिपोर्ट प्रस्तुत की। विचार गोष्ठी में उपस्थित कार्यकारिणी पदाधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों में प्रमुख रूप से गंगाचरण भारती, राम प्रसाद, खेमचन्द, जयचन्द (पूर्व एस.डी.एम.), टीकाराम पिपिल, आर.डी. राम आदि ने भी उपस्थित लोगों को सम्बोधित किया। मंच संचालन सहसचिव व मीडिया प्रभारी श्याम सुन्दर सागर ने किया। जन्मोत्सव समारोह का समापन करते हुए समिति के अध्यक्ष यशवंत सिंह ने जन्मोत्सव कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को सफल बनाने में जिन गणमान्य व्यक्तियों ने सहयोग दिया व भोजन व्यवस्था को सफल बनाने के लिए नारी शक्ति विंग का आभार प्रकट कर कार्यक्रम का समापन किया।

# बागपत लोकसभा क्षेत्र से गठबंधन प्रत्याशी पं अमरपाल शर्मा ने की चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत







**बागपत, करंट क्राइम।** भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी जयंती के अवसर पर लोकसभा क्षेत्र मोदी नगर में उनकी प्रतिमा को माल्यार्पण कर शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज यदि विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था में हम चुनाव के माध्यम से ये लोकतंत्र का पर्व मनाने जा रहे हैं तो इसका श्रेय सिर्फ और सिर्फ बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के देश को दिए उस संविधान को जाता है जिसने हमें अनेक संवैधानिक अधिकार दिए हैं। जिसमें सबसे अहम अधिकार हर अमीर हर गरीब को मतदान का समानता वाला अधिकार दिया है। इसके बाद खेकड़ा में सर्वसमाज की बैठक में बोलते हुए कहा कि आज कुछ लोग बाबा साहेब के संविधान को बदलने की बातें करते हैं जो कि हमारे संविधान पर हमला है। और उनकी मंशा और नीयत को दर्शाती है, उन्होंने कहा कि ये चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है। गरीबों, किसानों, युवाओं, व्यापारियों, महिलाओं, के अधिकारों को बचाने का चुनाव है।

महिला सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, किसान के लिए काम करने की आवश्यकता है। पं. अमरपाल शर्मा ने चुनाव में अपने सहयोग व वोट करने की अपील करते हुए आश्वासन दिया कि मैं आपकी आकांक्षाओं पर 100% खरा उतरूंगा। आज के चुनाव प्रचार में उनके साथ सपा कांग्रेस, आम आदमी पार्टी के जिला स्तरीय दर्जनों पदाधिकारियों ने भाग लिया। इसके अलावा नितिन त्यागी, राहुल शर्मा, अनिल कश्यप, राजू विश्वकर्मा, इसरार, राजीव प्रधान, मुकेश यादव, प्रवीण शर्मा, एड मनोज शर्मा, नवनित शर्मा, मास्टर प्रताप आदि लोगों ने शिरकत की।

# नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** सेक्टर 4, मनोकामना अपार्टमेंट वसुंधरा में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इसमें बृजपाल सिंह अध्यक्ष, नितिन भारद्वाज महासचिव, भारत डोर्बी व सहदेव बहादुर उपाध्यक्ष, संजय डोबल व विवेक शर्मा संयुक्त सचिव तथा जयशंकर पांडे कोषाध्यक्ष ने शपथ ली। शपथ का कार्यक्रम चुनाव समिति के अध्यक्ष पूर्ण बिष्ट द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती शिल्पा चौधरी उपस्थित रहीं व काफी संख्या में कॉलोनी के निवासी उपस्थित रहे।

# जहां सरकार नहीं पहुंच सकती वहां एनजीओ पहुंचकर विकास के कार्य को आगे बढ़ाती है : गीता शाक्य





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए संपर्क की कड़ी में गाजियाबाद में काम कर रही विभिन्न एनजीओ के साथ गेल इंडिया के डॉयरेक्टर एवं एनजीओ प्रकोष्ठ के सह संयोजक संजय कश्यप के नेतृत्व में एनजीओ संपर्क सम्मेलन का आयोजन दीन दयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, नेहरू नगर में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती गीता शाक्य रही। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अब तक उन्होंने जेम पोर्टल पर 11000 स्वयंसेवी संस्थाओं को पंजीकृत करवाया तथा गांव की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए उन्होंने एनजीओ के साथ जोड़ा और महिलाओं को सशक्त बनाने के कार्य किए, उन्होंने सलाह दी की अगर एनजीओ अपना उत्पाद सरकारी पोर्टल पर रजिस्टर करवाएंगी तो न केवल भारत से बल्कि बाहर के देशों से भी आयेंगे ऑर्डर, जिससे एनजीओ में काम करने वाले कार्यकर्ताओं को होगा आर्थिक लाभ, साथ ही उन्होंने कहा जहां सरकार नहीं पहुंच सकती वहां एनजीओ पहुंच सकती है और विकास के कार्य को आगे बढ़ाती है। विशिष्ट अतिथि महानगर महिला मोर्चा संयोजिका डा. उदिता त्यागी रही, कार्यक्रम संयोजक एवं पर्यावरणविद सत्येंद्र सिंह रहे, व्यापार मंडल महानगर के प्रमुख विनोद त्यागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कई एनजीओ के संयोजकों व कार्यकर्ता सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे एवं महानगर महिला मोर्चा व मंडल अध्यक्ष/संयोजिका महिला मोर्चा ने भाग लिया।

# मेयर ने बाबा सहाब को दी पुष्पांजलि





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** संविधान के रचेता बाबा भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में गाजियाबाद नगर निगम में मनाई गई बाबा साहब की जयंती, महापौर सुनीता दयाल ने अधिकारियों के साथ पुष्पांजलि कर किया बाबा साहब को याद। इस दौरान अपर नगर आयुक्त अवरेन्द्र सिंह, उद्यान प्रभारी डॉ अनुज सिंह, नगर निगम यूनियन के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार एवं कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# मुक्केबाजी में आखिरी ओलंपिक क्वालीफायर के लिए अमित पंघाल भारतीय टीम में शामिल



**नई दिल्ली।** विश्व चैम्पियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया (51 किले) और मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किलो), छह बार के एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता शिवा थापा (63.5 किलो), मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन लक्ष्य चाहर (80 किलो) और 2022 राष्ट्रमंडल खेल कांस्य पदक विजेता जे लम्बोरिया (60 किलो) को टीम में जगह नहीं मिली है। विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता अमित पंघाल ने बैंकाक में 25 मई से दो जून तक होने वाले आखिरी ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिये भारतीय मुक्केबाजी टीम में वापसी की है।

पिछले महीने इटली में ओलंपिक क्वालीफायर में खराब प्रदर्शन के बाद पांच मुक्केबाजों को दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट के लिये टीम में जगह नहीं मिली है। भारत के हाई परफॉर्मेंस निदेशक बर्नार्ड डुन्ने को भी पद छोड़ना पड़ा। विश्व चैम्पियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया (51 किले) और मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किलो), छह बार के एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता शिवा थापा (63.5 किलो), मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन लक्ष्य चाहर (80 किलो) और 2022 राष्ट्रमंडल खेल कांस्य पदक विजेता जे लम्बोरिया (60 किलो) को टीम में जगह नहीं मिली है। विश्व चैम्पियनशिप 2019 रजत पदक, 2022 राष्ट्रमंडल खेल और 2024 स्ट्रांजा मेमोरियल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक विजेता पंघाल के पास दूसरे ओलंपिक में जगह पक्की करने का यह आखिरी मौका है।

राष्ट्रीय चैम्पियन सचिन सिवाच (57 किलो) को भी टीम में जगह मिली है। हिमाचल प्रदेश के अबिनाश जामवाल 63.5 किलो वर्ग में थापा की जगह खेलेंगे जबकि अभिमन्यु लाउरा ने 80 किलो में लक्ष्य की जगह ली है। अभी तक भारत के किसी भी पुरूष मुक्केबाज ने ओलंपिक कोटा हासिल नहीं किया है। अभी तक निकहत जरीन (50 किलो), प्रीति पंवार (54 किलो) परवीन हुड्डा (57 किलो) और लवलीना बोरगोहेन (75 किलो) ही ओलंपिक कोटा हासिल कर सकी हैं। महिला वर्ग में अंकुशिता बोरो इटली में 66 किलो में कोटा हासिल नहीं कर सकी जो 60 किलो में उतरेंगी।

**टीम :** पुरूष : अमित पंघाल (51 किलो), सचिन सिवाच जूनियर (57 किलो), अबिनाश जामवाल (63.5 किलो), निशांत देव (71 किलो), अभिमन्यु लाउरा (80 किलो), संजीत (92 किलो) और नरेंदर बरवाल (प्लस 92 किलो) महिला : अंकुशिता बोरो (60 किलो), अरूंधति चौधरी (66 किलो)।

# रायबरेली अग्निशमन विभाग ने निकाली जागरूकता रैली

## सीएफओ सुनील सिंह ने कहा जनता की सेवा के लिए हैं सदैव तैयार





**रायबरेली, करंट क्राइम।** रायबरेली अग्निशमन विभाग की ओर से अग्नि शमन सेवा स्मृति दिवस मनाया गया और श्रद्धांजलि देते हुए उनको याद किया गया। साथ ही शोक परेड भी आयोजित की गई इस मौके पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुनील सिंह ने आए अधिकारियों को सलामी दी और हरी झंडी दिखाकर जागरुकता रैली को निकाला। जो रायबरेली के प्रमुख इलाकों और शहर के भीड़भाड़ वाले इलाके से निकली। इस दौरान अग्निशमन विभाग के पुलिसकर्मियों ने लोगों को आग से बचाव और राहत एवं सहयोग करने की अपील की। इस दौरान मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि जहां पर भी आग लगती है वहां दमकल के कर्मचारियों को समय रहते भेजने का काम किया जाता है। साथ ही उन्होंने स्थानीय लोगों को भरोसा दिलाया कि किसी भी आग लगने की सूचना पर तत्काल कंट्रोल रूम को सूचना दें। अग्निशमन विभाग की टीम समय रहते पहुंचेगी और जनहानि को कम करने का प्रयास करेगी।

# ग्राम झंडापुर में नुक्कड़ सभा का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ग्राम झंडापुर में पार्टी द्वारा नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग, सुधीर त्यागी मंडल अध्यक्ष बृज विहार आदरणीय पवन मावी की गरिमामय उपस्थिति रही। नुक्कड़ सभा के मुख्य आयोजक पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय वार्ड 41 वह वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता होशियार सिंह, वीर सिंह नागर, राहुल परिहार, प्रीतम सूर्यवंशी, पूनम सक्सेना, हेमलता सविता चौहान, जगमोहन सक्सेना, सचिन सक्सेना, संदीप चौधरी, कन्हैया लाल, छोटे लाल पाल, पुष्पेंद्र बहादुर सिंह, इरशाद शेख आदि लोग उपस्थित रहे।

## कम से कम सात से दस दिन के लिये बाहर : बांगड़

**नई दिल्ली।** पंजाब की नुमाइंदगी जितेश शर्मा ने की थी चूंकि धवन बुखार के कारण मुल्लांपुर में ही रह गए थे। इसे देखते हुए रॉयल्स के खिलाफ टॉस के लिये कुरेन का आना हैरानी भरा था लेकिन बांगड़ ने कहा कि उनकी भूमिका हमेशा से तय थी। राजस्थान रॉयल्स से करीबी मुकाबला हारने के बाद पंजाब किंग्स के क्रिकेट विकास प्रमुख संजय बांगड़ ने संकेत दिया कि कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण कम से कम सात से दस दिन बाहर रहेंगे। धवन रॉयल्स के खिलाफ भी नहीं खेल सके थे जिनकी जगह सैम कुरेन ने कप्तानी की थी। बांगड़ ने कहा, उसके कंधे में चोट लगी है

# राजस्थान ने पंजाब को तीन विकेट से हराया, हेटमायर ने खेली ताबड़तोड़ पारी





**नई दिल्ली।** मुल्लांपुर में खेले गए पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच मुकाबले में रॉयल्स टीम की जीत हुई। शिमरोन हेटमायर की 10 गेंद में नाबाद 27 रन की ताबड़तोड़ पारी की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब को एक गेंद शेष रहते तीन विकेट से मात दी। मुल्लांपुर में शनिवार को खेले गए पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच मुकाबले में रॉयल्स टीम की जीत हुई। शिमरोन हेटमायर की 10 गेंद में नाबाद 27 रन की ताबड़तोड़ पारी की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब को एक गेंद शेष रहते तीन विकेट से मात दी। पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 147 रन बनाए।

इसके जवाब में रॉयल्स की टीम ने 19.5 ओवर में सात विकेट खोकर 152 रन बनाए। राजस्थान को आखिरी ओवर में 10 रन चाहिए थे, शिमरोन हेटमायर ने तीसरी और पांचवीं गेंद पर छक्का जड़कर टीम को जीत दिलाई। मैच के बाद हेटमायर को ह्यप्लेयर ऑफ द मैचह्न से नवाजा गया। वहीं हेटमायर के अलावा यशस्वी जायसवाल ने भी राजस्थान के लिए 39 रन का अहम योगदान दिया। पंजाब के लिए कगिसो रबाडा ने चार ओवर में 18 रन देकर दो जबकि चोटिल शिखर धवन की जगह टीम की अगुवाई कर रहे सैम कुरेन ने 25 रन देकर दो विकेट लिये। केशव महाराज (चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से राजस्थान ने पंजाब को 150 रन के अंदर रोक दिया। उन्हें आवेश खान (34 रन पर दो विकेट), ट्रेंट बोल्ट (22 रन पर एक विकेट), युजवेंद्र चहल (31 रन पर एक विकेट) और कुलदीप सेन (35 रन पर एक विकेट) का अच्छा साथ मिला। पंजाब की टीम 13वें ओवर में 70 रन पर पांच विकेट गंवा कर संघर्ष कर रही थी लेकिन आशुतोष शर्मा (16 गेंद में 31 रन), जितेश शर्मा (24 गेंद में 29 रन) और लियाम लिविंगस्टोन (14 गेंद में 21 रन) ने आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाकर टीम को चुनौती देने लायक स्कोर तक पहुंचाया। आशुतोष ने अपनी पारी में तीन छक्के और एक चौका जड़ा तो वहीं जितेश ने एक चौका और दो छक्के लगाये। लिविंगस्टोन ने दो चौके और एक छक्का लगाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए यशस्वी जायसवाल और जोस बटलर की जगह टीम में शामिल हुए तनुष कोटियान (31 गेंद में 24 रन) ने राजस्थान का सधी हुई शुरूआत दिलायी। कोटियान ने अर्शदीप के खिलाफ तो रबाडा ने जायसवाल के खिलाफ चौका जड़ा। दोनों ने इसके बाद संभल कर खेलते हुए पावरप्ले में टीम का स्कोर 43 रन तक पहुंचाया।

कोटियान को तेजी से रन बनाने में परेशानी हो रही तो जायसवाल ने सैम कुरेन और लिविंगस्टोन के खिलाफ चौके जड़ें। आठवें ओवर में टीम के रनों का पचासा पूरा हुआ लेकिन नौवें ओवर में लिविंगस्टोन ने कोटियान को आउट कर पहले विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी को तोड़ा। कप्तान संजू सैमसन (14 गेंद में 18 रन) ने 11वें ओवर में लिविंगस्टोन के खिलाफ छक्का और चौका लगाकर टीम की रन गति को बढ़ाने की कोशिश की। अगले ओवर में रबाडा की गेंद को जायसवाल थर्डमैन की दिशा में हर्षल पटेल के हाथों में खेल गये। रबाड़ा ने इसके बाद सैमसन को पगबाधा किया जिसके बाद राजस्थान के बल्लेबाज तेजी से रन बनाने के लिए संघर्ष करते दिखे।

शानदार लय में चल रहे रियान पराग (18 गेंद में 23 रन) ने जीवनदान का फायदा उठाते हुए 17वें ओवर में अर्शदीप के खिलाफ छक्का जड़ा लेकिन इस ओवर में रबाडा ने उनका शानदार कैच लपका। ध्रुव जुरेल (छह) रन बनाकर हर्षल का शिकार बने लेकिन हेटमायर ने चौका और छक्का जड़ उनके ओवर को खत्म किया। अब राजस्थान के सामने आखिरी दो ओवर में 20 रन बनाने की चुनौती थी। पोवेल ने 19वें ओवर में कुरेन के खिलाफ लगातार दो चौके जड़े लेकिन तीसरे गेंद पर विकेटकीपर जितेश को कैच दे बैठे। केशव महाराज (एक) भी इसी ओवर में पवेलियन लौट गये। अर्शदीप ने आखिरी ओवर में हेटमायर को शुरूआती दो गेंदों में चकमा दिया लेकिन वेस्टइंडीज के बल्लेबाज ने तीसरी और पांचवीं गेंद पर छक्का जड़कर टीम की जीत पर मुहर लगा दी। पंजाब को बल्लेबाजी में धवन की कमी खली।

# मिचेल मार्श हैमस्ट्रिंग की चोट का इलाज कराने के लिए ऑस्ट्रेलिया वापस लौटे



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स को हरफनमौला खिलाड़ी मिचेल मार्श दिल्ली टीम प्रबंधन के साथ परामर्श के बाद दाहिनी हैमस्ट्रिंग में चोट का इलाज कराने के लिए स्वदेश वापस लौट गए हैं। उन्होंने अपना पिछला मैच केकेआर के खिलाफ खेला था। मौजूदा सत्र में मार्श की उपलब्धता पर अंतिम निर्णय लिया जाना बाकी है।

दिल्ली कैपिटल्स को हरफनमौला खिलाड़ी मिचेल मार्श के दाहिनी हैमस्ट्रिंग में चोट का इलाज कराने के लिए ऑस्ट्रेलिया लौटने से बड़ा झटका लगा है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार मार्श को जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया का कप्तान बनाया जाना तय है। उन्हें दिल्ली टीम प्रबंधन के साथ परामर्श के बाद वापस बुला लिया गया। मौजूदा सत्र में हालांकि उनकी उपलब्धता पर अंतिम निर्णय लिया जाना बाकी है। मार्श ने दिल्ली की टीम के लिए पिछला मैच कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेला था। वह इसके बाद मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ टीम के पिछले दो मुकाबलों में नहीं खेल पाए थे। इस सत्र में मार्श का सर्वोच्च स्कोर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 23 रन रहा है। दिल्ली ने इस मैच को 12 रन से जीता था। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ वह खाता खोलने में नाकाम रहे थे। मार्श के अलावा ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर के चोटिल होने से भी दिल्ली कैपिटल्स की परेशानी और बढ़ गयी है। टीम को अपना अगला मैच बुधवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलना है। शुक्रवार को लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ कैच पकड़ने का प्रयास करते समय वार्नर की उंगली में चोट लग गई। उनकी उंगली में सूजन थी और टीम के अहमदाबाद पहुंचने पर उनका स्कैन कराया गया।

# फर्जी निकली डकैती की घटना, पीड़ित महिला खुद निकली मास्टरमाइंड

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** 10 अप्रैल को घर में मौजूद अकेली महिला को बंधक बनाकर आभूषण व नकदी लूट के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस का कहना है कि महिला ने खुद अपने पिता, मां व पिता के परिचित के साथ मिलकर लूट की कहानी को अंजाम दिया ओर लूट का नाटंक रच दिया। निवाड़ी में 10 अप्रैल को घर में अकेली महिला दीपिका त्यागी को बंधक बनाकर आभूषण व नकदी लूट का आरोप लगाया था। जांच में लूट की यह घटना फर्जी निकली है। पीड़ित महिला खुद मामले की मास्टरमाइंड निकली है। महिला ने डेढ़ महीने पहले ससुराल से सोने चांदी के आभूषण ले जाकर मायके में बेच दिए। मामले में महिला की मां और पिता को गिरफ्तार किया गया। डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद यादव ने बताया कि निवाड़ी के ब्रहमपुरी निवासी मोहित त्यागी ने पुलिस को 10 अप्रैल को शिकायत करते हुए बताया था, कि दोपहर में उनकी भाभी दीपिका त्यागी घर पर अकेली थीं। तीन लोग घर पर आए और उनकी भाभी को बंधक बनाकर करीब 40 तोला गहने और साढ़े तीन लाख रुपये लूटकर ले गए। बदमाश जाते हुए उनकी भाभी के हाथ बांधकर और मुंह बंदकर फरार हो गए। जब वह घर पहुंचे तब उन्हें घटना का पता चला।



### तीन लाख रुपये में बेचे थे गहने

पुलिस पूछताछ में महिला ने बताया कि उसकी ससुराल में एक संदूक में परिवार की महिलाओं के गहने रखे हुए थे। डेढ़ महीने पहले उसने गहने चोरी कर लिए और मेरठ में अपनी मां के साथ जाकर गंगानगर में एक आभूषण कारोबारी को तीन लाख रुपये में बेच दिए। गहने चोरी कर बेचने के बाद उसे डर हुआ कि कभी संदूक खोला जाएगा तो गहने चोरी का पता चलेगा। इससे बचने के लिए उसने अपनी मां के साथ मिलकर फर्जी लूट की योजना बनाई। दीपिका के पिता योगेंद्र त्यागी के परिचित अकबर को 20 हजार रुपये में योजना में शामिल किया गया। घटना वाले दिन अकबर अपने परिचित फिरोज को दवा लेने के बहाने से साथ लेकर दीपिका के घर तक आया। जबकि उसकी मां व पिता घर के पास ही एक जगह मौजूद रहे। लूट की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने जब मामले की जांच की तो दो संदिग्ध नंबर घटना स्थल के आसपास मिले जिनसे दीपिका की लगातार लंबी बातें होती थीं। उसके आधार पर पुलिस ने पूरी घटना का पदार्फाश किया है। फिरोज को सरकारी गवाह बनाया गया है।

पुलिस ने मामले की जांच करते हुए सर्विलांस, सीसीटीवी फुटेज और सीडीआर के जरिए घटना का पदार्फाश करते हुए बताया कि पीड़ित महिला ने खुद ही लूट की फर्जी कहानी तैयार की थी। महिला के घर पर उनके पिता का परिचित अकबर आया था। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दीपिका त्यागी, उसके पिता मेरठ के गंगानगर स्थित राधा गार्डन निवासी योगेंद्र त्यागी, मां सुनीता त्यागी व बागपत के सिघावली अहीर थानान्तर्गत बसौद निवासी अकबर को गिरफ्तार किया है। जिस आभूषण कारोबारी ने चोरी के गहने खरीदे पुलिस ने उस पर अभी कोई कार्रवाई नहीं की है। पुलिस का कहना है कि गहने खरीदते समय कारोबारी को पता नहीं था, कि माल चोरी का है। पुलिस ने उससे गहने बरामद भी नहीं किए हैं।

# वाहन चोर गिरोह के तीन शातिर चोर गिरफ्तार

## चोरी की एक बाइक व तीन स्कूटी बरामद



**लोनी (करंट क्राइम)।** लोनी पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान कस्बा चौकी इलाके के निठौरा अन्डर पास से वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्यों को चोरी की एक बाइक तीन स्कूटी के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसीपी सूर्यवली मौर्य ने बताया कि लोनी पुलिस निठौरा अन्डर पास के पास वाहन चेकिंग कर रही थी इसी दौरान बाइक पर सवार तीन व्यक्ति आ धमके पुलिस ने उन्हे चेकिंग के लिए रोका लेकिन वह भागने का प्रयास करने लगे लेकिन पुलिस ने उन्हे धर दबोचा। पूछतांछ में तीनों शातिर वाहन चोर निकले और अपनें नाम अहाद उर्फ अद्दू, समीर उर्फ समर, रिहान उर्फ इंतजार बताए तथा यह भी बताया कि तीनों दिल्ली एनसीआर से बाइक चोरी करते हैं तथा सूनसान स्थान पर छिपा देते और मौका पाकर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर सस्ते दामों में बेंचकर मौज मस्ती करते हैं। तीनों वाहन चोरों के विरुध दिल्ली में विभिन्न थानों में कई वाहन चोरी की रिपोर्ट दर्ज हैं। चोरों से चोरी की एक बाइक व तीन स्कूटी बरामद हुईं हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीनों चोरों को जेल भेज दिया है।




### किस नेता ने करवा ली 200 रूपये के हिसाब से अपनी जय जयकार

चुनावी बाजार गुलजार है और यहां सभी कुछ ऑन डिमांड पर ऑन पेमेंट मिल जाता है। बड़ी माला से लेकर छोटी पगड़ी तक और नारे लगाने वाली से लेकर नारे लगाने वाले तक सब कुछ बाजार में मौजूद है। अब एक दल तो ऐसा है कि जिसके पास वर्कर बल फुल है लेकिन बाकी का तो मामला गुल चल रहा है। मामला गुल हो या फुल हो लेकिन पालिटिक्स करनी है तो पर्चा कोई भी भरे लेकिन कुछ खर्चा तो उन्हे भी करना जो इलाके में लीडर माने जाते हैं। ऐसे ही एक दल के लीडर इस बार कैंडीडेंट के नोमिनेशन के टाईम पर अपनी पोजीशन बनाने के लिये इस बार जय जयकार करने के लिये महिलाओं की टोली को ले आये। ये इलाका ऐसा हैं जहां चुनावी मजदूर आसानी से मिल जाते हैं। नेता जी पहले भी रैली के लिये यहीं से बैंड वालों को 300 रूपये के हिसाब से पार्टी कार्यकर्ता बनाकर बस में भर कर ले गये थे। इस बार टाईम कम देना था और लोकल में ही जाना था तो एक महिला जयकार श्रमकार की मजदूरी 200 रूपये तय हुई और इस टोली ने 200 रूपये में नेता जी की भी जय जयकार करी और उम्मीदवार के भी नारे लगाये। नेता जी ने हवा बनाई कि मेरे क्षेत्र की महिलायें हैं मेरे अनुरोध पर आई हैं। सीन ये था कि इलाका हमारा तो गूंज भी हमारी होगी मगर इलाके वाले और बिरादरी वाले कम थोड़े ही है। सब कुछ बता दिया और ये भी बता दिया कि नोट देकर जय जयकार हो सकती है लेकिन सरकार तो वोट से ही बनती है।

### वो लड़ रहे हैं लोकसभा इलेक्शन मगर शुक्र को जुड़ा लाइट कनेक्शन

चुनावी रण में ताल ठोक रहें उम्मीदवारों के सलाहकारों ने भी कई कामों पर ज्यादा ही बुद्दि लगा दी है। पर्चा तो भर दिया लेकिन अब ये खर्चा सिर में दर्द कर रहा है। जेब में हाथ डालने को कोई तैयार नही वैसे हर चुनाव लड़ाने वाला हमदर्द बन रहा है। किस्सा उस दल का है जिसके सलाहकारों की सलाह से ऐसा खेल करा दिया कि इतने की बिजली नही बचाई जितने का तेल फुंकवा दिया। वो बता रहे हैं कि पांच दिन से चुनावी दफ्तर में लाईट ही नही थी। भाईसाहब इतने पैसे नही बचे जितने का डीजल फुंक गया

### बोली भाजपाईन मुझे नही पता था कि मौहल्ले में इतनी टीआरपी है हाई

उन्हे एक मौका मिला और उस मौके में इतने चौके मारे कि पूरे मौहल्ले में सबसे बिगाड़ ली। पार्टी के कमल बता देगें कि उनके रिश्तेदार के क्लीनिक पर क्या करने गई थी। गली मौहल्ले वालो की जुबान से सुन सकते हो कि वो रही है कि अपने कार्यकाल में कितनी महान। खैर अब वो पूर्व हैं लेकिन सुना है कि अभूतपूर्व जोश के साथ फिर से मैदान में आने के लिये जोर लगा रही हैं। पांच साल में उन्होने क्या कमाया है इसकी बानगी भी भगवा मैडम के सामने ही हो गई। भगवा मैडम को उनकी टीआरपी का पता नही था और उन्होने एक्स होने के नाते रिलेक्स होकर उन्हे मंच पर न्यौत लिया। बस विरोध का पंच यहीं से लगा और हो हल्ला शुरू हो गया कि इसका क्या मतलब मंच पर। बाद में मंच पर बुलाने वाली मैडम ने भी कहा कि अरे मुझे क्या पता था कि अपने ही मौहल्ले में इसने इतनी शोहरत है कमाई। देख ली मैने कितनी टीआरपी है इसकी हाई

# भारत रत्न बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मोदीनगर विधायक डॉ0 मंजू सिवाच एवं नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली जाटव द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

इस अवसर पर मोदीनगर विधायक डॉ0 मंजू सिवाच ने कहा कि बाबा साहब के द्वारा रचित संविधान से सभी जाति वर्ग को एक समान अधिकार मिले, जिसमें भेदभाव की भावना को खत्म किया। बाबा साहब ने संविधान में महिलाओं को एकाधिकार दिलाया, साथ ही उन्होंने कहा कि हम सभी को बाबा साहब के दिखाएं मार्ग पर चलना उनके अधूरे कार्य को पूर्ण करना है। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली जाटव ने कहा कि भारतीय इतिहास में एक प्रसिद्ध नाम बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का है। 14 अप्रैल 1891 उनका जन्म तब के केंद्रीय प्रांत के महू जिले में राम जी मालोजी सकपाल के घर हुआ था। उनकी मां का नाम भीमाबाई था, बाबा साहब अंबेडकर की जयंती भारत के निर्माण में उनके अतुल्य योगदान के लिए मनाई जाती है। बाबा साहेब एक राजनीतिक न्याय, वित्त अर्थशास्त्री और समाज सुधारक थे, उन्होंने लोगों को बौद्ध आंदोलन से जोड़ा और बौद्ध धर्म अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। अछूतों के समर्थन में अंबेडकर ने अन्याय के खिलाफ कई अभियानों का नेतृत्व किया। वह स्वतंत्रता भारत के पहले कानून मंत्री भी थे, बाबा साहब ने भारत के संविधान का मसौदा तैयार करने में मुख्य भूमिका निभाई थी। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने सर्व समाज के हितों के लिए अपना योगदान दिया और भारत का संविधान लिखा। विनोद ने कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन हमेशा गरीबों के हितों को दिलाने के लिए लगा दिया। साथ ही उन्होंने कहा की बाबा साहब के संविधान के कारण आज हर वर्ग का विकास हो रहा है और हर नौजवान को उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए और उन्होंने हर वर्ग को एक समान अधिकार दिलाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से स्वदेश जैन, सभासद जितेंद्र चैधरी, गुलाब सिंह, राहुल राणा, आलोक भारती, धर्मवीर मास्टर, नरेंद्र तोमर, अर्जुन नेहरा, संदीप सागवान, कृष्ण राज सेन, प्रीतम सैनी, कपिल चैधरी, नीटू सिंह, रजनीश तोमर, गोल्डी नेहरा, प्रदीप शर्मा, बलराज सिंह, प्रवीण गुर्जर, रजनीश चैधरी, आलोक कौशिक, दुष्यंत यादव, सोनू डमरू, वेद प्रकाश चैधरी, सूबे सिंह, ललित त्यागी, आदित्य चैधरी, मोनू धामा, सोनू चैधरी, ललित मित्तल, संजय चैधरी, संदीप कुमार, लोकेश डोडी, नवीन जायसवाल, संजय भदोला, विजय वाल्मीकि, अमित कराटे, आकाश शर्मा सहित सकड़ों की संख्या में लोग उपस्थिति रहे। इसके अलावा अनेक स्थानों पर बाबा सहाब की जयंती पर अनेक कार्यक्रम आयोजित हुए।



# महिला के भूखंड पर कब्जे का प्रयास



**लोनी (करंट क्राइम)।** दिल्ली की एक महिला के प्लाट पर लोनी का एक दबंग फर्जी कागजात दिखाकर जबरन कब्जा करना चाहता है तथा उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीडिता ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है।सुल्तानपुरी दिल्ली निवासी सुजाता ने बताया कि उसने सन 2011 में लोनी में ट्रॉनिका सिटी थाने के ईलायचीपुर गांव में एक प्लाट खरीदा था, अब वह प्लाट पर मकान बनाने पहुंचे तो एक व्यक्ति ने फर्जी कागजात दिखाते हुए निर्माण कार्य रोक दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। पीडिता ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

# श्री गुरू सिंह सभा गुरूद्वारा में बैसाखी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया





**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में स्थित आयुध निमार्णी फैक्ट्री मार्ग धेदा श्री गुरू सिंह सभा गुरूद्वारा में बैसाखी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुरूद्वारा समिति के सचिव दर्शन सिंह ने बताया कि बैसाखी पर्व पर खालसा पंथ की स्थापना का उत्सव उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। गाजियाबाद से आए रागी जत्थे ने शब्द कीर्तन कर संगत को निहाल किया। दर्शन सिंह ने बताया कि आज ही के दिन गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। खालसा पंथ की स्थापना का मकसद लोगों को मुगल शासकों के अत्याचारों से मुक्त कराना था। ज्ञानी अमरजीत सिंह ने अरदास की। जिसमें सिख समाज के अलावा अन्य समाज के सैंकड़ों लोग मौजूद रहे और गुरू ग्रंथ साहिब के सामने मत्था टेका। गुरूद्वारे में अखंड पाठ रखा गया और लंगर का आयोजन किया गया। सचिव दर्शन सिंह, इंद्रजीत सिंह, ओंकार सिंह, ज्ञानी अमरजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह, हरभजन सिंह, तेजविंद्र सिंह टोनी, प्रधानपति उमेश शर्मा, डॉ.राजपाल तोमर, बलजीत सिंह, हरमनजीत सिंह, मनराज सिंह, मंजू सिंह, गगनदीप सिंह, संजीव शर्मा, देविंदर कौर, सुरिंद्र कौर, गोविंद सिंह, रणजीत सिंह, अंजू समेत सैंकड़ों की संख्या में संगत मौजूद रही।

# सड़क हादसे में युवक की मौत




**लोनी (करंट क्राइम)।** सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि उसका छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसीपी सूर्यबली ने बताया कि रविवार सूबह करीब 6.30 बजे बागपत जनपद के हिसावदा गांव निवासी सुमित अपने भाई विशाल को बाइक पर पीछे बैठाकर बंथला चिरोडी मार्ग से अपने गांव जा रहा था। बंथला चिरोडी मार्ग पर नैनसिंह मार्किट के सामने उनकी बाइक को सामने से तेज गति से आ रहे तीन पहिया लोडर ने जोर से टक्कर मार दी। जिसमें सुमित की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका छोटा भाई विशाल गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे उपचार के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।




### चौकियों पर हो गई टू-स्टारों की भरमार




पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में इन दिनों चौकियों और थानों का आलम यह है कि सिपाहियों से ज्यादा संख्या टू-स्टारों की हो गई है। कुछ चौकी तो ऐसी है जहां टू-स्टार सिपाहियों की संख्या में डबल है। आलम यह है की चौकी प्रभारी को कई बार छोटे-मोटे कामों के लिए खुद ही दौड़ना और निबटाना पड़ता हैं, क्योंकि वह अपने ही स्टार वाले साथियों को क्या आदेश दें। सिटी और नदियापार की दो चौकी तो ऐसी हैं जहां चौकियों पर टू-स्टार की संख्या सिपाहियों से अधिक है। सुनने में आ रहा है कि बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में 721 टू-स्टार अलग-अलग थाना, चौकी और क्षेत्र में उतारे गए हैं। जिसकी वजह से अब उपनिरीक्षकों की संख्या कमिश्नरेट सिस्टम में बढ़कर 1200 के पार पहुंच गई है। कई बार तो पैदल गश्त के दौरान भी गजब का सीन देखने को मिलता है। डीसीपी, एसीपी और एसएचओ के बाद टू-स्टार ही सबसे बड़ी संख्या में होते हैं जबकि सिपाहियों की संख्या सीमित नजर आती है। वैसे पुलिस महकमें में टू-स्टार को बैकबोन कहा जाता है और बैकबोन मजबूत हो रही है, पर अभी कमिश्नरेट सिस्टम में क्राइम कंट्रोल से लेकर अन्य मैनेजमेंट फाइन होता नजर नहीं आ रहा है। कमिश्नरेट में कहने वाले तो कह रहे हैं कि कभी जिस थाने में 40 टू-स्टार थे, अब वहां आंकड़ा 80 के पार पहुंच चुका है। कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि सिटी में तो महिला टू-स्टार भी अच्छी संख्या में हैं। तो वहीं देहात वाले थाने का आलम भी यही है। इन सबके बीच जानकारी यह मिल रही है कि अभी कई महीनों का ट्रेनिंग वाला पीरियड है, इसके बाद इनको परमानेंट वाली पोस्टिंग दी जाएगी। इन सबके बीच बीते दिनों टू-स्टारों की रील से लेकर रोल वाला मामला भी सामने आ चुका है। वहीं एक जानकारी यह मिली है कि कमिश्नरेट वाले टू-स्टार भी पुराने दरोगा जी लोगों की तरह बुलेट के शौकीन हैं। कई थानों में और चौकियों में बुलेट की संख्या भी बढ़ गई है। वजह साफ है कि टू-स्टार को बुलेट खूब पसंद आ रही है। इसी के साथ टू-स्टार की भरमार बढ़ने से पुलिस का भौकाल वाला सीन भी मजबूत हो रहा है। कुल मिलाकर एक ओर पुलिस के कुछ अधिकारी खुश हैं कि कमिश्नरेट वाले सिस्टम में टू-स्टारों की संख्या बढ़ गई है तो वहीं पुराने वाले टू-स्टारों को अपनी कम होती संख्या को लेकर थोड़ा दर्द भी है।

# भगवान श्री परशुराम की जयंती पर निकाली जाएगी शोभायात्रा



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** 12 मई को भगवान श्री परशुराम की जयंती पर उनकी एक शोभायात्रा निकाली जायेंगी। इस यात्रा के संचालन आदि को लेकर एक बैठक का आयोजन भगवान श्री परशुराम के मंदिर में किया गया। पुरानी तहसील स्थित भगवान परशुराम मंदिर में आहूत बैइक की अध्यक्ष समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष व एडवोकेट सचिन दीक्षित ने करते हुये अपने विचार रखें ओर भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम के साथ मनपायें जाने का प्रस्ताव रखा। निर्णय लिया गया कि 12 मई रविवार को सुबह 10 बजे से शोभायात्रा सीकरीकला से प्रारम्भ होकर परशुराम मंदिर पुरानी तहसील पर पंहुचेंगी। इस दौरान बैठक में नानकचंद शर्मा हापुड़, दीपक वत्स, प्रदीप कालू, बबलू कौशिक, योगेश तिवारी, मंगल मिश्रा, सौरभ कौशिक, सौरभ शर्मा, हरिओम शर्मा, विनय वत्स, संभव, रजत, सत्यकांत, ऋषि, मनीष शर्मा, विपुल शर्मा, बीके शर्मा, विनय शर्मा, शुभम शर्मा, आशीष, राजा पंडत, गौरव शर्मा, केके शर्मा, सचिन, मधुसूदन आदि मौजूद रहें।

# दो पक्षों के विवाद में एक युवक को चाकू लगा



**लोनी करंट क्राइम।** दो पक्षों के बीच चले आ रहे विवाद ने रविवार दोपहर संघर्ष का रूप धारण कर लिया। तू तू मैं मैं के बाद दोनों पक्ष आपस में भिड गए। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के युवक को चाकू से वार कर घायल कर दिया। पीडित को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

लोनी बार्डर थाने की राहुल गार्डन कॉलोनी निवासी गिरधारी ने बताया कि उसका बेटा ललित उर्फ वरुण कॉलोनी में आरओ के पानी की सप्लाई करता है। रविवार दोपहर वह पानी की बोतले लेकर जा रहा था। इसी दौरान पडोस में रहने वाले दो युवको से उसका विवाद हो गया। जिस पर उन युवकों ने उसके बेटे पर चाकू से वार किया, पेट और हाथ में चाकू लगने के कारण उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसने 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षो के एक एक युवक को हिरासत में ले लिया है। एसीपी भास्कर वर्मा का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई है। दूसरे पक्ष के सिर में चोट लगी है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाऐगी।

# मोबाइल लुटेरा गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**लोनी (करंट क्राइम)।** ट्रॉनिका सिटी थाने क्षेत्र से पुलिस ने मोबाइल लुटेरे को लूटे गए मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। एसीपी सूर्यवली मौर्य ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व पूजा कॉलोनी पुनीत एन्कलेब से एक लड़की के हांथ से मोबाइल छीना गया था उसकी रिपोर्ट दर्ज हुई थी पुलिस लुटेरे की तलाश में थी कि शनिवार शाम को मुखबिर ने सूचना दी कि एक मोबाइल लुटेरा किसी घटना को अन्जाम देने की फिराक में है। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर लुटेरे को दबोच लिया। पुलिस की कडी पूछतांछ में लुटेरे ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व एक लड़की के हांथ से मोबाइल छीन लिया था उसने अपना नाम रिहान पुत्र इकरामुद्दीन बताया पुलिस ने कार्रवाई कर लुटेरे को जेल भेज दिया है।



## व्यापारी की जमीन पर जबरन कब्जे का प्रयास

# लोनी में भूमाफियाओं का बोलबाला

**लोनी करंट क्राइम।** प्रदेश में योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति को लोनी में पलीता लगाया जा रहा है। भूमाफिया फर्जी कागजातों के आधार पर दूसरे की पैतृक संपत्ति पर जबरन कब्जा कर रहे हैं और लोनी पुलिस का कहना है कि वह जमीन के मामले में कुछ नही करेंगे।



ऐसा ही एक मामला उद्यमी अखिल गुप्ता का प्रकाश में आया है। अखिल गुप्ता और उसके भाईयो की पैतृक भूमिधरी की कई बीघा जमीन रूपनगर औद्योगिक क्षेत्र धरोटी खुर्द खसरा नम्बर 140 में पडी हुई है। जिस पर अखिल गुप्ता और उसके भाई उद्योग लगाना चाहते हैं। अखिल गुप्ता ने बताया कि तीन दिन पूर्व उसकी भूमि पर रात के समय एक भूमाफिया ने जबरन कब्जा करने की नीयत से मिटटी डलवा दी। उसने पुलिस से शिकायत की तो एसीपी ने स्पष्ट शब्दों में कह दिया कि वह जमीन के मामलों में कोई कार्रवांई नही करते। सवाल यह उठता है कि जब से जनपद गाजियाबाद में कमिश्नरेट लागु हुआ है तब से एसडीएम की कुछ पावर एसीपी के पास आ गई हैं। ऐसे में अगर पुलिस कार्रवाई नही करेगी तो व्यापारियों को भूमाफियाओं से कौन मुक्ति दिलाऐगा। जबकि भूमाफिया लोनी की भूमि के फर्जी कागजात बनाकर धरोटी खुर्द की भूमि को लोनी की बता रहा है।

अखिल गुप्ता अपनी भूमि को पहले ही राजस्व विभाग से पैमाईश कराकर चिहिन्त करा चुका है। अखिल गुप्ता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करा दी है तथा सोमवार को पुलिस आयुक्त और पुलिस उपआयुक्त ग्रामीण को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग करेंगे।




# नोएडा में ट्रैफिक डायवर्जन लागू

**नोएडा, करंट क्राइम।** नोएडा के सेक्टर-95 स्थित दलित प्रेरणा स्थल में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर होने वाले कार्यक्रम के मद्देनजर आज ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहेगा। खासतौर से सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक दलित प्रेरणा स्थल के पास यातायात डायवर्जन किया जाएगा।

डीसीपी ट्रैफिक अनिल यादव का कहना है कि वाहन चालक यातायात असुविधा से बचने के लिए ट्रैफिक डायवर्जन का पालन करें। यातायात असुविधा उत्पन्न होने पर यातायात हेल्पलाइन नंबर-9971009001 पर संपर्क कर सकते है।




### ऐसा रहेगा डायवर्जन

नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर ग्रेटर नोएडा से नोएडा की ओर आने वाले मार्ग पर दलित प्रेरणा स्थल पर यातायात दबाव होने की स्थिति में महामाया फ्लाईओवर से सेक्टर-37 की ओर यातायात का डायवर्ट किया जाएगा। यह यातायात सेक्टर-37 से अट्टा चौक, रजनीगंधा चौक, सेक्टर-15 गोलचक्कर चौक होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर ग्रेटर नोएडा से नोएडा की ओर आने वाले मार्ग पर दलित प्रेरणा स्थल गेट नंबर-4 पर यातायात दबाव होने की स्थिति में फिल्मसिटी फ्लाई ओवर से सेक्टर-18 की ओर यातायात डायवर्ट किया जायेगा। यह यातायात सेक्टर-18 से रजनीगंधा चौक, सेक्टर-15 गोलचक्कर चौक अथवा सेक्टर-18 अंडरपास से एलिवेटेड होकर गंतव्य को जा सकेगा। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर नोएडा से ग्रेटर नोएडा की ओर जाने वाले मार्ग पर डीएनडी, फिल्मसिटी फ्लाईओवर के पास यातायात दबाव होने की स्थिति में सेक्टर-14ए फ्लाईओवर से सेक्टर-15 गोलचक्कर चौक की ओर यातायात डायवर्ट किया जाएगा। यह यातायात सेक्टर-15 गोलचक्कर चौक से रजनीगंधा चौक, अट्टा चौक, सेक्टर-37 होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा।

### पार्किंग व्यवस्था

कार्यक्रम में आने वाली सभी यात्री बसों की पार्किंग डीएनडी टोल के पास बाएं ओर मार्ग के किनारे होगी।
कार्यक्रम में परीचौक, सेक्टर 37, ग्रेटर नोएडा वेस्ट की ओर से आने वाले हल्के वाहनों की पार्किंग दलित प्रेरणा स्थल के गेट नंबर-1 के अंदर होगी।
दिल्ली की ओर से कार्यक्रम में आने वाले हल्के वाहनों की पार्किंग फिल्मसिटी के अंदर बनी मल्टी लेवल पार्किंग में होगी।
कालिंदी कुंज की ओर से आने वाले हल्के वाहनों की पार्किंग सेक्टर-95 गंदानाला के पास बनी दलित प्रेरणा स्थल पार्किंग की अंडर ग्राउंड पार्किंग में होगी।

# पूर्व मंत्री मदन चौहान बने भाजपाई, ले ली सदस्यता



नोएडा, करंट क्राइम। नोएडा में रह कर तीन बार गढमुक्तेश्वर से विधायक रहे पूर्व मंत्री मदन चौहान भी अब भाजपाई बन गए हैं। नोएडा की एक जन सभा में मदन चौहान ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। मदन चौहान नोएडा से लेकर पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक प्रमुख राजनीतिक चेहरा हैं। नोएडा में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद मदन चौहान ने कहा है कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतियों से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए है।

### नोएडा में हुई घोषणा

आपको बता दें कि नोएडा में भारतीय जनता पार्टी की जन सभा थी। इस जन सभा में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को आना था। मौसम खराब होने के कारण अमित शाह नोएडा नहीं पंहुच पाए। इसी जन सभा में उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री मदन चौहान ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता गृहण कर ली। नोएडा सीट से चुनाव लड रहे भाजपा के सांसद डा. महेश शर्मा की मौजूदगी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया ने मदन चौहान को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान नोएडा से विधायक पंकज सिंह, जेवर से विधायक धीरेन्द्र सिंह, नोएडा भाजपा के अध्यक्ष मनोज गुप्ता समेत बड़ी संख्या में भाजपा के नेता नोएडा की जन सभा के मंच पर मौजूद थे।

### बड़ा चेहरा है मदन चौहान

मदन चौहान लम्बे अर्से से नोएडा शहर में रहते हैं। उन्होंने अपनी राजनीति पार्टी की शुरूआत नोएडा शहर से ही की थी। धीरे-धीरे उनका राजनीतिक कद तथा पद दोनों बढ़ते चले गए। इस बीच वे गाजियाबाद जिले (अब हापुड़) की गढमुक्तेश्वर विधानसभा सीट पर सक्रीय हुए।
मदन चौहान नोएडा शहर में रहते हुए भी गढ़मुक्तेश्वर से तीन बार विधायक चुने गए। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव की सरकार में मदन चौहान उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री बने। मदन चौहान को नोएडा से लेकर पूरे पश्चिम उत्तर प्रदेश में एक प्रमुख नेता के रूप में गिना जाता है। ठाकुर समाज से भारतीय जनता पार्टी की नाराजगी के बीच मदन चौहान का भाजपा में शामिल होना एक बड़ी राजनीतिक घटना के तौर पर देखा जा रहा है।

### नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा के अनेक नेता बने भाजपाई

नोएडा में हुई भाजपा की जनसभा में नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में सक्रीय अनेक नेता भाजपा में शामिल हुए। नोएडा शहर में रहने वाले किसान नेता बेगराज गुर्जर, ग्रेटर नोएडा में रहने वाले कांग्रेस के पूर्व विधान सभा प्रत्याशी मनोज चौधरी, ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के सक्रीय आम आदमी पार्टी (आप) के प्रत्याशी संजय चेची ने भी नोएडा की जनसभा में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।

# प्रत्याशी राजेंद्र सिंह सोलंकी का दावा हर वर्ग का कार्यकर्ता बसपा के साथ, स्थानीय युवाओं को फैक्ट्री में दिलाएंगे रोजगार

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होने वाला है। जैसे-जैसे मतदान की तिथि नजदीक आ रही है, वैसे ही उम्मीदवारों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अपने गृह जनपद की गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर सिकंद्राबाद के पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सोलंकी पर भरोसा जताया है। मूलरूप से खुर्जा से आने वाले राजेंद्र सिंह सोलंकी कांग्रेस में लंबे समय तक रहे। उन्होंने राजीव, संजय गांधी से लेकर एनडी तिवारी के साथ काम किया। राजनीति में उनकी पकड़ मजबूत है। प्रतिदिन 10 से 20 गांव और सोसायटियों में अपने लिए वोट मांग रहे है।

बसपा उम्मीदवार का कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के चार बार के कार्यकाल में किए गए कार्यों को लेकर जनता के बीच जा रहा हूं। बसपा की सरकार में सबसे अधिक विकास के कार्य गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र में हुए। नोएडा, ग्रेटर नोएडा मल्टी स्पेशलिस्ट सरकारी अस्पताल, चार इंटर कालेज व गांवों में रोड आदि बनवाई। जेवर एयरपोर्ट की आधारशिला भी बसपा सुप्रीमों ने रखी थी। हर मुख्यमंत्री अपने गृह जनपद में कार्य करता है, लेकिन बहन मायावती ने पूरे प्रदेश का विकास किया। हर क्षेत्र को उन्नति की राह दिखाई।



**बसपा उम्मीदवार का कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के चार बार के कार्यकाल में किए गए कार्यों को लेकर जनता के बीच जा रहा हूं। बसपा की सरकार में सबसे अधिक विकास के कार्य गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र में हुए। नोएडा, ग्रेटर नोएडा मल्टी स्पेशलिस्ट सरकारी अस्पताल, चार इंटर कालेज व गांवों में रोड आदि बनवाई।**

इस चुनाव में राष्ट्रीय मुद्दों के साथ स्थानीय मुद्दों पर अधिक जोर दिया जा रहा है। 20 से 25 हजार फैक्ट्रियां हमारे किसानों की जमीन बनी हैं। वादा किया गया था कि यहां के 60 प्रतिशत युवाओं को नौकरी दी जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यदि जनता हमें चुनती है तो सबसे पहले इस मुद्दे पर ही कार्य होगा। सोसायटियों में रहने वाले लोगों की रजिस्ट्री कराई जाएगी। मेट्रो का विस्तार कराया जाएगा। सभी जातियों के उत्थान के लिए कार्य किए जाएंगे। धर्म और जाति की राजनीति नहीं बल्कि बसपा विकास की राजनीति पर जोर दे रही है। किसानों को केंद्र और प्रदेश की सरकार ने हमेशा ठगने का कार्य किया है। किसानों से जमीन लेते समय उन्हें मुआवजा भी उचित नहीं दिया गया। एक बेटे को नौकरी देने का वादा किया गया था। वह अभी तक पूरा नहीं हुआ है। किसानों के साथ बसपा हमेशा खड़ी रही है। किसानों की हर समस्या का समाधान किया जाएगा।

# केंद्रीय विद्यालय में दाखिले का आखिरी मौका

नोएडा। केंद्रीय विद्यालय में बच्चों को पढ़ाने का सपना देखने वाले अभिभावकों के लिए शिक्षा के अधिकार अधिनियम( आरटीई ) के तहत आवेदन करने का 15 अप्रैल को आखिरी मौका है। अभिभावक केंद्रीय विद्यालय की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते है। केंद्रीय विद्यालय की 25 प्रतिशत सीट पर एससी, एसटी, ईडब्ल्यूएस, बीपीएल और नॉन क्रीमी ओबीसी वर्ग के छात्रों को दाखिला मिलेगा। 22 अप्रैल को लॉटरी के माध्यम से छात्रों को सीट आवंटित होगी। जनपद में चार केंद्रीय विद्यालय संचालित है। हर केंद्रीय विद्यालय में कक्षा एक में दो सेक्शन हैं।

# गंगाजल की सप्लाई बंद होने से नोएडा के लोगों को नहीं मिल रहा पानी








नोएडा, करंट क्राइम। गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार प्लांट से गंगाजल की सप्लाई बंद होने का असर नोएडा में दिखने में लगा है। नोएडा के कई इलाकों में पानी नहीं मिलने और गंदा पानी आने की शिकायत नोएडा प्राधिकरण अधिकारियों से की गई। नोएडा जल विभाग के अधिकारियों ने नलकूप, रेनीवेल और यूजीआर से पानी देने का दावा नोएडा के लोगों से किया है।

दरअसल छिजारसी के पास तीन दिन मरम्मत कार्य कराए जाने के कारण अभी नोएडा के लोगों को गंगाजल नहीं मिल रहा है। दावा है कि 16 अप्रैल से नोएडा के लोगों को पूरी क्षमता से गंगाजल मिलना शुरू हो जाएगा। सिद्धार्थ विहार गंगाजल प्लांट और जल निगम गाजियाबाद के अधिशासी अभियंता उन्मेश शुक्ला ने बताया कि छिजारसी के पास गंगाजल लाइन में फाल्ट है। इसका मरम्मत कार्य कराया जाना जरूरी थी। इसके सिद्धार्थ विहार गंगाजल प्लांट को बंद कर दिया गया है। सिद्धार्थ विहार गंगाजल प्लांट से ट्रांस हिंडन और नोएडा शहर में होने वाली गंगालजल की आपूर्ति बंद रखी जाएगी। संभवत 16 अप्रैल से नोएडा शहर को गंगाजल देना शुरू कर दिया जाएगा। जबकि 50 क्यूसेक वाले प्लांट से 20 क्यूसेक गंगाजल नोएडा को दिया जा रहा है। वहीं नोएडा शहर के कई सेक्टर, सोसायटी और इलाकों में शुक्रवार और शनिवार को गंदे पानी की आपूर्ति हुई।

### 20 दिनों से आ रहा मिट्टी मिला हुआ पानी

पाकेट सात में गंदे और बदबूदार पानी की स्पलाई की जा रही है। कई जगह पर कम दबाव से पानी आने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। लोगों को अन्य विकल्प से पानी भंडारित करने को मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं ब्लाक पीके में गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। 20 दिनों से पानी नमकीन और मिट्टी मिला हुआ आ रहा है। इससे पानी का उपयोग पीने में नहीं हो पा रहा है। इसकी शिकायत अवर अभियंता से की जा रही है, लेकिन कोई समाधान नहीं हो रहा है।



जानकारी के अनुसार बी 15 से 30 वाली लाइन में लोगों को कई दिनों से कम दबाव से पानी मिल रहा है। तीन माह पहले पुरानी लाइन बदलवाने के लिए पत्र लिखा गया था लेकिन काम नहीं हो सका। अब लाइन की मरम्मत कराई गई तो लाइन में से पेड़ों की जड़ निकल रही हैं।

# नोएडा के फ्लैट खरीदारों के लिए खुशखबरी, 7000 से ज्यादा बॉयर्स को मिलेगा मालिकाना हक

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण में 15 प्रोमोटर्स ने 25 प्रतिशत देय धनराशि का भुगतान कर दिया है। इससे 1500 यूनिटस की रजिस्ट्री होगी। अब तक 325 यूनिटस की रजिस्ट्री प्राधिकरण की ओर से कराई जा चुकी है, पर शेष 27 प्रोमोटर्स की ओर से बकाया भुगतान के लिए जो नोएडा प्राधिकरण से 12 मई तक का समय मांगा है।

उस तिथि तक राशि जमा होने पर सात हजार से ज्यादा उन फ्लैट खरीदारों को आशियाना का मालिकाना हक मिल जाएगा। जिन्हें पजेशन मिल चुका है, वह अपने आशियाना में रह रहे हैं।

क्रेडाई पश्चिमी यूपी के सचिव दिनेश गुप्ता ने बताया कि लिगेसी इशू के कारण नोएडा स्थित स्टालड रियल एस्टेट परियोजनाओं में रजिस्ट्री शुरू कराने के लिए कई दौर कि बैठक के बाद यह परिणाम आया है।

7,500 यूनिटस की होगी रजिस्ट्री

करीब 73 प्रतिशत प्रोमोटर, 57 में से 42 जारी शासनादेश का लाभ उठाने के लिए अपनी सहमति दे दी है। उनके द्वारा धनराशि जमा भी की जा रही है। प्रोमोटर्स शेष देय धनराशि का 25 प्रतिशत जमा कर अपनी परियोजनाओं में रजिस्ट्री शुरू कर सकते है। 42 प्रोजेक्ट में 7,500 यूनिटस की रजिस्ट्री होगी।



### ये हैं परियाजनाएं

एचआर ओरेकल डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड
आरजी रेजीडेंसी प्राइवेट लिमिटेड
डिवाइन इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड
गुलशन होम्स प्राइवेट लिमिटेड
ग्रेटवैल्यू प्रोजेक्ट्स इंडिया लिमिटेड
एक्सप्रेस बिल्डर्स एंड प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड
लॉरेट बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड
गुलशन होम्स एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड
प्रतीक बिल्डटेक
आइआइटीएल निंबस द हाइड पार्क प्राइवेट लिमिटेड
ओमेक्स बिल्डवेल
पैन रियलटर्स प्राइवेट लिमिटेड
पैरामाउंट टावर्स प्राइवेट लिमिटेड
सनवर्ल्ड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड
एमपीरियल हाउसिंग वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड
प्रतीक रियलटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
एसडीएस इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड
पारस सीजन्स प्राइवेट लिमिटेड
महागुन रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड
सनशाइन इंफ्रावेल प्राइवेट लिमिटेड
एटीएस टाउनशिप प्राइवेट लिमिटेड
प्रतीक इंफ्राप्रोजेक्ट्स इंडिया
प्रतीक बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड
प्रतीक रियलटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
सेठी बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड
स्काईटेक कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड
जेएम इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड
जेएम हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड
अंतरिक्ष डेवलपर्स एंड प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड
सिक्का इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड
परफेक्ट प्रोप बिल्ड प्राइवेट लिमिटेड
सनवर्ल्ड रेजीडेंसी प्राइवेट लिमिटेड
जीएस प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड
एवीपी बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड
कैपिटल इंफ्राप्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
आइवीआर प्राइम डेवलपर्स

# गौतमबुद्ध नगर का वोटर खामोश, प्रत्याशी लगा रहे जोर

ग्रेटर नोएडाः यह जरूरी नहीं कि नारों का शोर सब ठीक होने की तस्दीक करे। चुनाव की भीड़ में कुछ जुबान कई बार खामोश भी होती हैं। खामोशी के इसी ज्वालामुखी ने नेताओं की टेंशन बढ़ा दी है। कहीं अपना पत्ता सेट नहीं होने का आक्रोश है तो कहीं समाज की चिंता। अपने समाज को एकत्र करने के लिए सूत्रों के अनुसार सबसे अधिक पंचायतें हो चुकी है। हालांकि पंचायत में युवा ही दिखाई दे रहे हैं कोई बड़ा चेहरा अभी सामने नहीं आए हैं। कई वरिष्ठ नेताओं की गुटबाजी बीजेपी में पिछले कुछ सालों में साफ दिखाई दी थी। हालाकि अब चुनाव में एक मंच पर दिखाई दे रहे है। सपा के कुछ नेताओं का पार्टी छोड़कर जाने का सिलसिला जारी है। इसमें गठबंधन प्रत्याशी को लगातार निराशा हाथ लग रही है।

जेवर और खुर्जा विधानसभा में लगातार राजपूत समाज के लोग पंचायतें कर अपने समाज को एकत्र करने का प्रयास कर रहे हैं। यही हाल दादरी विधानसभा में है यहां भी जाति फैक्टर की तरफ चुनाव मोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। गुर्जर समाज के लोग इस बार अपने समाज के प्रत्याशी को वोट करने की चर्चा कर रहे हैं। जिसको देखते हुए मुख्यालय में बैठे नेताओं को यह टेंशन परेशान कर रही है। भितरघात और गुटबाजी की वजह से लोकसभा चुनाव जैसा जोश अभी नहीं दिख रहा।






**अपने समाज को एकत्र करने के लिए सूत्रों के अनुसार सबसे अधिक पंचायतें हो चुकी है। हालांकि पंचायत में युवा ही दिखाई दे रहे हैं कोई बड़ा चेहरा अभी सामने नहीं आए हैं। कई वरिष्ठ नेताओं की गुटबाजी बीजेपी में पिछले कुछ सालों में साफ दिखाई दी थी। हालाकि अब चुनाव में एक मंच पर दिखाई दे रहे है। सपा के कुछ नेताओं का पार्टी छोड़कर जाने का सिलसिला जारी है। इसमें गठबंधन प्रत्याशी को लगातार निराशा हाथ लग रही है।**

नोएडा विधानसभा सीट पर शहरी वोटर अधिकांश बीजेपी को ही वोट करते आए है। लेकिन इस बार बायर्स के मुद्दे और शहरी एरिया से अधिक प्रत्याशी होने के कारण वोट के आंकड़े में बदलाव भी हो सकता है। वहीं दादरी विधानसभा में जाति और गोत्र फैक्टर हमेशा से चुनावी मद्दा बना हैं।

अगर इस बार भी जाति फैक्टर पर वोट बटते हैं तो बीजेपी को काफी नुकसान होगा। हालांकि पिछली बार भी मिहिर भोज को चुनावी मुद्दा बनाया गया था लेकिन जब चुनाव पिक पर आए तो है मुद्दा शांत हो गया। इसी तरह जेवर विधानसभा में फिलहाल जाति का मुद्दा चुनावी मुद्दा बन रहा है। ऐसे में यह वोट बैंक बटता है तो चुनावी समीकरण बदल सकते हैं।

### युवाओं में नहीं दिख रहा जोश

हर बार लोकसभा चुनाव में युवाओं में जोश दिखाई देता है। लेकिन इस बार चुनाव में युवाओं में जोश नहीं दिखाई दे रहा। यहां तक कि चुनाव की चर्चा भी सोशल मीडिया पर दिखाई नहीं दे रही है। दूसरों सोशल मीडिया पर भी इस बार चुनाव के मुद्दे नहीं उठ रहे हैं।

# धूमधाम के साथ मनाई गई बाबा साहेब डा भीम राव अम्बेडकर जयंती





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर महानगर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। नवयुग मार्किट स्थित डॉ भीम राव अम्बेडकर पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, कांग्रेस लोकसभा उम्मीदवार डॉली शर्मा, सिकंदर यादव, बीएसपी नेता कुलदीप कुमार सहित कई गणमान्य लोगों ने पुष्प अर्पित कर बाबा साहेब को नमन किया। इस अवसर पर समिति द्वारा भव्य आयोजन किया गया और शोभा यात्रा निकाली गई।

## नुपुर कथक केन्द्र ने प्रस्तुत की देवी :द गॉडेस प्रस्तुति



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** संस्कार स्कूल ओडिटोरियम में देवी :द गॉडेस की प्रस्तुति नुपुर कथक केन्द्र द्वारा दी गई। नूपुर कथक केंद्र' ने 'देवध्वनी स्कूल ऑफ कत्थक' और 'रश्मिरथी कला वृन्द' के सहयोग से भारतीय शास्त्रीय नृत्य में विरोधाभासों का एक बहुरूपदर्शक गाजियाबाद के संस्कार स्कूल सभागार के परिसर में कियातीनो सन्स्थाओ के लगभग 60 छात्रों ने कत्थक और ओडिसी नृत्य रूपों की असंख्य बारीकियों को प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम की कत्थक नृत्य संरचना नूपुर कत्थक केन्द्र की निर्देशिका श्रीमती आभा बंसल व देवध्वनि की निर्देशिका श्रीमती अनिन्दिता बसु ने की। कत्थक के अलावा रश्मिरथी कलावंद की निर्देशक श्रीमती मनीषा हांडा व उनकी शिष्याओं ने ओडीसी नृत्य शैली में अपनी प्रस्तुतियो से एक अलग आयाम दिया। इस कार्यक्रम का आलेख व प्रस्तुति श्रीमती आभा बंसल ने अति रोचक व सरल ढंग से की। इस अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे जिसमें भातखंडेय संगीत विद्यालय से पन्दित हरिदत्त शर्मा, गंधर्व संगीत विद्यालय से श्रीमती तारागुप्ता, श्रीमती शर्मिला रहेजा- प्रधानाचार्या उत्तम स्कूल फॉर गर्ल्स, श्रीमती शशि बनर्जी शैक्षणिक प्रमुख शिव नादर स्कूल, प्रमुख रहे।

## बैसाखी पर्व पर लायंस क्लब विवेक विहार में लगाया गया ब्लड कैंप





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद जिला के अध्यक्ष सरदार जगमीत सिंह ने अपनी टीम के साथ ब्लड कैंप में हिस्सा लिया और ब्लड डोनेट भी किया। जगमीत सिंह ने बताया कि शहीद भगत सिंह सेवा दल समय-समय पर ब्लड कैंप लगाकर समाज में जरूरतमंद लोगों की ब्लड की जरूरत को पूरा करता रहा है। समाज में लोगों के बीच हर तरह की मदद करने का काम शहीद भगत सिंह सेवा दल करता है, करता रहेगा। कोरोना जैसी जानलेवा बीमारी के वक्त भी जब लोग अपने घरों के अंदर थे। रिश्तेदार भी एक-दूसरे से हाथ लगाने को तैयार नहीं थे। उस वक्त भी शहीद भगत सिंह सेवा दल में लोगों के बीच रहकर दाह संस्कार करने की जिम्मेदारी उठाने का काम किया था। लगभग 4000 लोगों को दाह संस्कार करने का काम शहीद भगत सिंह सेवा दल ने किया। भारत सरकार ने जितेंद्र सिंह शटी को पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित किया। अवार्ड देश के राष्ट्रपति द्वारा दिया गया प्रधानमंत्री जी की मौजूदगी में। जितेंद्र सिंह शनटी ने इस मौके पर कहा कि दर्दनाक बीमारी ऐसे दर्दनाक हदसे इन आंखों ने देखे हैं, भविष्य में भी शहीद भगत सिंह सेवा दल इसी तरह जनता के बीच में हर मुसीबत में खड़ा रहेगा, ऐसा विश्वास दिलाता हूं। जरूरत के वक्त फ्री एम्बुलेंस की सुविधा, डेड बॉडी फ्रीजर की सुविधा, आज ब्लड कैंप के चलते अभी तक लगभग 100 से ऊपर लोगों ने ब्लड डोनेट किया।

सभी डोनर को शहीद भगत सिंह सेवा दल और जीटीबी हॉस्पिटल की तरफ से सर्टिफिकेट दिया गया। जरूरत पड़ने पर कोई भी डोनर अपना सर्टिफिकेट दिखाकर किसी मरीज को ब्लड दिलवा सकता है। आज के कार्यक्रम में मुख्य लोगों ने शिरकत की। जिनमें पवन कक्कड़ गुरचरण सिंह राजू, रवि शंकर शर्मा, हरजीत सिंह, एसएस भाटिया, रविंद्र सिंह, शब्बू हनुमान लंगोटिया, अतीक अहमद, इंस्पेक्टर विवेक विहार सरदार जगमीत सिंह अध्यक्ष शहीद भगत सिंहसेवादल जिला गाजियाबाद।

# आतंकवादियों के बिल बंद करेंगे अमित शाह: सुनील शर्मा

## भाजपा पार्षद सचिन डागर ने अतुल गर्ग की जनसभा कराकर जुटाया व्यापक समर्थन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा पार्षद सचिन डागर की गिनती जनाधार वाले पार्षदों में होती है. वैसे भी वो भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग का लोकसभा का टिकट होने के बाद काफी उत्साहित नजर आ रहे है. रोजाना डोर टू डोर जाकर वह प्रत्याशी के लिए वोट जुटाने का कार्य कर रहे है. इसी कड़ी में उन्होंने अपने वार्ड में श्री गर्ग के समर्थन में जनसभा का आयोजन किया. जनसभा में स्थानीय नागरिक हजारों की संख्या में मौजूद रहे. जिसको देखकर उम्मीदवार काफी गद्गद नजर आये। शालीमार गार्डन में रविवार को आयोजित की गई जनसभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि देश के गृहमंत्री अमित शाह आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार सरकार बनते ही बिल में छिपे आतंकवादियों के बिल को मिट्टी से बंद करने का काम देश के गृहमंत्री अमित शाह करेंगे। जिससे आतंकवाद का खत्मा होगा।

गाजियाबाद के भाजपा लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के पक्ष में आयोजित कि गई जनसभा में सुनिल शर्मा ने कहा कि हर बार कि तरह इस बार भी साहिबाबाद की जनता सारे रिकॉर्ड तोड़कर अतुल गर्ग को भारी मतों से विजय बनाएगी। वहीं, अतुल गर्ग ने कहा कि साहिबाबाद में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के लोग रहते हैं, जिनके लिए वह एक बेटा बनकर सेवा करना चाहते हैं।

वहीं भाजपा नेता पवन रेड्डी ने सभा आए बंगाली, मलयाली समाज, गायत्री परिवार, पूर्वांचल समाज उत्तराखण्ड, कश्मीरी, उड़ीसा, राधा माधव समिति व्यापार मंडल, साईं परिवार, सी व बी ब्लॉक आरडब्ल्यूए के लोगों का परिचय मंत्री व लोकसभा प्रत्याशी से कराया। साथ ही जनकल्याण समिति के लोगों ने माला



पहनाकर उनका स्वागत किया। समिति के पदाधिकारियों ने सभा में आए लोगों को भंडारा वितरण किया। इस मौके पर अशोक पटवाल, पूर्व पार्षद बलवंत सिद्धू, पूर्व पार्षद योगेश चौधरी, मण्डल अध्यक्ष राजन आर्य, समिति के महासचिव राकेश तिवारी, मनोज अधिकारी, अमित गुप्ता, सोनू गुरांग, निधि उपाधाय, जितेंद्र शर्मा, गुरुदास पाल, नीरज त्यागी, संदीप पंडित, माधव, वीरेंद्र दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे।

## अम्बेडकर पार्क में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बाबा भीमराव अम्बेडकर जयंती



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** परमपूज्य बाबा भीमराव अम्बेडकर की जन्म जयंती अम्बेडकर पार्क मैन मार्केट झंडापुर वार्ड 41 में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। पार्षद वार्ड सं. 41 भूपेंद्र उपाध्याय, अम्बेडकर समिति अध्यक्ष सुरेंद्र भीड़वाल, बदन सिंह, जयप्रकाश, तिलक राम, प्रीतम सूर्यवंशी, पुष्पेंद्र बहादुर सिंह आदि की गरिमामय उपस्थिति ने कार्यक्रम में भावनात्मकता का संचार भर दिया।

## पत्रकार के बड़े भाई का निधन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष गुप्ता (जे०ओ०एस) के बड़े भाई प्रमोद गुप्ता जी का निधन लंबी बीमारी के कारण हो, 14 अप्रैल को गोविंदपुरम स्थित अपने आवास पर उन्होंने अंतिम साँस ली। उनका अंतिम संस्कार आज बृजघाट पर होगा। दुख की इस घड़ी में दैनिक करंट क्राइम परिवार की संवेदनाए शोकाकुल परिवार के साथ है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें, ओम शांति।



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र यादव ने नवयुग मार्किट स्थित अम्बेडकर पार्क में डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उनकें साथ कई अन्य नेता भी मौजूद रहें। बिजेन्द्र यादव ने कहा कि डॉ अम्बेडकर के दर्शन ने समाज को समरस्ता का और सामाजिक न्याय का संदेश दिया है।

## चिन्टू जी




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट: चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम उठते सवालों का करंट




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** प्रदेश वाले भगवा चौधरी पढ़ा गये गाजियाबाद आकर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को मतदान का पाठ? मगर यहां पर उन्होंने भगवा कमांडर से की विशेष वाली बात? कहा 25 तारीख को आप ज्यादा शक्ति ना लगाना? हो सके तो टाइम से पहले सो जाना? मगर 26 तारीख को खोल लेना आप अपनी आंख? ये छोटा मोटा नहीं बल्कि है गाजियाबाद का लोकसभा चुनाव?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा क्रान्तिकारी युवा मोनू त्यागी अब ला सकते हैं अपने चेहरे पर मुस्कान? उनके अजीज विधायक ने उनकी सगाई पर ऐसी बात कही है जो लायेगी शादी के बाद मोनू भैया के चेहरे पर मुस्कान? विधायक जी बोले कि अब मोनू के ऊपर आ गई जिम्मेदारियां बहुत सारी? शादी होने के बाद उनकी सीनेरिटी हो जायेगी भारी? इसलिए अब प्रिय मोनू के बारे में सोचा जायेगा कुछ न कुछ? इस बार नहीं रहने दिया जायेगा मेरे प्रिय मोनू को खाली?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम गर्ग साहब के प्रिय लाइन पार वाले भगवा राजपूत जी की चुनाव प्रचार वाली पोस्ट पर रोज डाल रहे हैं नजर? मगर हम देख रहे हैं वो अपनी चुनाव प्रचार वाली पोस्ट में नहीं कर रहे हैं गर्ग साहब की फिक्र? वो सिर्फ और सिर्फ अपनी पोस्ट में कर रहे हैं मोदी जी का प्रचार? उनकी पोस्ट में नजर नहीं आ रहे हैं गर्ग साहब के समर्थन में विचार? अब ये सबकुछ सोची हुई किसी रणनीति का हिस्सा है या कुछ ना कहकर वो प्रकट कर रहे हैं अपने भीतर के उद्गार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** युवा क्रान्तिकारी त्यागी की सगाई में हम देख रहे थे खूब हो रही थी राधे-राधे? ज्वाईनिंग के बाद देखते ही बन रहे थे राधे भैया के इरादे? विधायक जी के पास खड़े होकर बहुत ही खुशनुमा अंदाज में बिखेर रहे थे राधे भैया स्माईल? तभी ये सवाल उठा कि किसने खोली अग्रवाल जी के विरोध के बावजूद अरोड़ा जी के ज्वाईनिंग वाली फाईल? तभी मौके पर हो गये भगवा बॉबी भैया के दीदार? जब उनसे किसी ने पूछा कि ज्वाईनिंग आपके कहने पर हुई है? इस बात पर साध गये त्यागी जी चुप्पी, फिर थोड़ा रूककर बोले राधे जी के ज्वाईनिंग के पीछे है पार्टी का सामुहिक विचार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा चौधरी साहब मंच पर थे पूरी शिद्दत से विराजमान? अपने सम्बोधन में वो ले रहे थे बार बार पार्टी के अधिकतर चेहरों का नाम? मगर हमने देखा वो अपने सम्बोधन में नहीं रहे थे शर्मा जी का नाम पुकार? हमने शर्मा जी की आंखों को चौधरी साहब की आंखों से कनैक्टिविटी बनाते देखा? मगर अंत तक चौधरी साहब ने नहीं लिया शर्मा जी का नाम? आंखों से कनैक्टिविटी बनाने वाले प्रयास हो गये कुछ इस तरह से बेकार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** क्या महिला कमांडर त्यागी दीदी भी कर रहीं है अंदारखाने अपनी वाली टीम तैयार? सुना है वो भी दे रहीं है खास चेहरों को ही कार्यक्रम में आने की सूचना? सुना है इस सूचना में महिला वंदन वाले कार्यक्रम को लेकर उन्होनें जरूरी नहीं समझा क्रासिंग वाली भदौरिया दीदी और प्रीती दीदी को पूछना? सुना है ये दोनों भगवाईन हैं अपनी अनदेखी से नाराज वैसे नाराजगी से होने भी क्या वाला है जब कोई बन जाता है सरताज? तो उसके कानों तक नहीं पहुंचती है नाराजगी वाली आवाज?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा पहलवान पर्दे के पीछे रख रहे हैं भगवा कमांडर का ख्याल? जैसे ही उन्हें पता चला कि भगवागढ़ के पांच चेहरें हैं उनके यार से बहुत ज्यादा नाराज? तब उठा लिया पहलवान ने अपने कंधों पर मान मनव्वल का जिम्मा? पहुंच गये वो इन पांच चेहरों के पास? सुना है पांच चेहरों में से दो चेहरे गए हैं पहलवान की बात मान? बुरी तरह से सुलग रही थी जो विरोध वाली आग? फिलहाल वो हुई है थोड़ी बहुत शांत?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** चुनाव कार्यालय पर रोज पकाई जा रही है कार्यकताओं के लिए दाल? जिससे हो रहे हैं कई कार्यकर्ता परेशान? प्रत्याशी के अधिक प्रिय व्यक्ति से वो कहते हैं कि कुछ तो बनाओं दूसरे भी पकवान? ये सुनकर प्रत्याशी के प्रिय रखते हैं सबके सामने दिल खोलकर अपनी बात? कहते हैं खाने का मैन्यू चेंज करना बहुत ही मुश्किल है? बजट कम है और अभी पड़ा है काफी लंबा चुनाव?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं था महिला वंदन कार्यक्रम में मौजूद? यहां पर मंच पर नजर आ रहा था एक पूर्व भगवा लेडी मैम्बर का वजूद? मंच पर उनकी मौजूदगी को देखकर एक चेहरा दिख रहा था बहुत ज्यादा परेशान? वो अपने शब्दों को रोक नहीं पाया श्रीमान? उसने कहा जिन्होंने निगम चुनाव में मागें खुलकर हाथ वाले उम्मीदवार के लिए वोट? ऐसे चेहरे को मिल गया है मंच पर स्थान, जिसका हो रहा है मुझे बहुत ज्यादा अफसोस?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** चुनाव में नजर नहीं आ रहे हैं आजकल भगवा कमल? हमने डाली हुई है उनकी गैरमौजूदगी पर नजर? अक्सर सक्रिय रहने वाले लोटस भैया ने क्यों बना ली है चुनाव से दूरी? ये जानना हो गया है बहुत ज्यादा जरूरी? हमने देखा कि कुछ दिन पहले उन्होंने फेसबुक पर दर्द-ए-दिल की शायरी लिखकर प्रकट किये थे अपने उद्गार? उसके बाद से वो चुनावों में नजर नहीं आ रहे? ऐसा लग रहा है जैसे गाजियाबाद से चले गये हो वो घूमने के लिए बाहर?

**नोट: उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रविन्द्र त्यागी बिल्डर है क्रिकेट की दुनिया से जुड़े हैं और सबसे खास बात ये है कि वो रिश्तों को बिल्ड करते हैं और सबसे जुड़े रहते हैं। दिल की बातों से लेकर दुनिया की बातों को फेसबुक पर साझा करते हैं। सबसे छोटी बेटी की मैरिज एनिवर्सरी की खुशी को फेसबुक पर साझा भी किया और बेटी दामाद को आशीर्वाद भी दिया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।